SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL
SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें..
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 27 मई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 119 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
SAHAYOG HOSPITAL
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



...और दिखाओ...और दिखाओ
और दिखाओ...और दिखाओ...!!!
...खुबसुरत साड़ियों के लिए तो सिर्फ...यहींच...संभव
बरकरार रखों
चुनने का मजा...
मो. 9325481081
9423113147
पंकज
खास साड़ियों का खास संग्रह
...ड, गोंदिया

# ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ दोनों देशों के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के***



लिए काम करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से भी मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में 'भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इससे पहले दिन में भारत ने यहां 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और जापानी विदेश मंत्री मोटेगी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग का स्वागत करके खुशी हुई। हमने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने जैसे क्षेत्रों में बढ़ते भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे। एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कहा, ÷जापान के विदेश मंत्री श्री तोशिमित्सु मोटेगी का स्वागत करके अत्यंत प्रसन्नता हुई। हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस समूह (क्वाड) को एक नयी गति देने के उद्देश्य से क्वाड ने मंगलवार को आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं को कम करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिज ढांचे की घोषणा की। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री निगरानी और बंदरगाह बुनियादी ढांचे को अद्यतन करने के लिए बड़े उपायों की शुरुआत की।

### बालाघाट जिले के लालबर्रा तहसील के पलाकामथी में

# अवैध रेत उत्खनन को रोकने गए हैड कांस्टेबल राहंगडाले पर ट्रैक्टर चालक ने चढ़ा दिया ट्रैक्टर..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के लालबर्रा तहसील के ग्राम पलाकामथी में मंगलवार 27 मई की रात में 8 से 9 बजे के बीच अवैध रेत उत्खनन रोकने का प्रयास करने वाले प्रधान आरक्षक पर ट्रैक्टर चालक ने अपना वाहन चढ़ा दिया, जिससे कि प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले गंभीर रूप से घायल हो गए।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। लालबर्रा थाना पुलिस ने अवैध उत्खनन और शासकीय कार्य में बाधा सहित जानलेवा हमले की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले और आरक्षक सुनील विश्वकर्मा दोनों ही मौके पर कार्यवाही के लिये पहुंचे थे। जब राजेश्वर राहंगडाले ट्रैक्टर को रोककर उसका वीडियो बना रहे थे, तभी चालक ने गुस्से में आकर तथा कार्यवाही को रोकने के ट्रैक्टर चढ़ा दिया।

इस हादसे में प्रधान आरक्षक की दो पसलियां फ्रैक्चर होने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल प्रधान आरक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप भी पहुंच गए, तथा जिले के स्वास्थ्य अमले ने आकस्मिक प्रयासों में तीव्रता दिखाई, लेकिन स्थिति को देखते हुए घायल हेड कांस्टेबल को गोंदिया के यूनाइटेड अस्पताल रेफर किया गया है। मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस ने बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ गोंदिया रवाना हुए। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप के अनुसार, घायल की वर्तमान स्थिति सामान्य है, लेकिन पसलियों में फ्रैक्चर और आंतरिक चोटों के कारण अगले 72 घंटे 'वेट एंड वॉच' की स्थिति रहेगी। डॉक्टरों की टीम उनकी गहन निगरानी कर रही है।

## बालाघाट जिले में अगले पांच दिनों तक तेज गर्मी, आंधी और हल्की वर्षा के आसार

**जगप्रेरणा बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 27 मई से 31 मई 2026 तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा, तेज आंधी, बिजली गिरने तथा गर्म हवाओं की संभावना जताई गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र बडग़ांव-बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि जारी पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में हवा की गति लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही उष्ण लहर (हीट वेव) एवं गर्म रात की स्थिति भी बनी रहने की संभावना व्यक्त की गई है। पूर्वानुमान के मुताबिक इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 44.7 से 45.9 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27.3 से 28.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय वातावरण में 55 से 37 प्रतिशत तक तथा दोपहर में 21 से 23 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने का अनुमान है। वहीं आगामी दिनों में दक्षिण-पूर्व दिशा से 5 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र बडग़ांव बालाघाट ने किसानों को मौसम को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है। किसानों से कहा गया है कि तेज आंधी एवं बारिश की संभावना को देखते हुए खेतों में रखी उपज एवं कृषि उपकरणों को सुरक्षित स्थान पर रखें। बिजली गिरने की आशंका के दौरान खुले स्थानों एवं पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। पशुपालकों को भी गर्मी एवं लू से बचाव के लिए पशुओं को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने तथा छायादार स्थानों में रखने की सलाह दी गई है। आम नागरिकों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने एवं गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है।

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।
संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839

आयुर्वेद, पंचकर्म
स्पाईन एंड जॉईन्ट केअर सेंटर
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म व पाँचभौतीक विशेषज्ञ
7620340356
ऑर्थो केअर -
पिठदर्द, कमरदर्द, घुटनों में दर्द, गर्दन दर्द, रिढ़ की हड्डी में गॅप आना, हाथ पांव में झुनझुनी आना आदि रोगों का आयुर्वेद द्वारा सफल ईलाज।
SPINE & JOINT CARE BY ADVANCE AYURVED PANCHAKARMA
• Cervical Spondylysis
• Slip Disc
• Spinal Cord Stenosis
• Lumber Spondylysis
• Knee Joint Care
आयुर्वेद द्वारा सौंदर्य चिकित्सा
• असमय बालों का झडना व सफेद होना
• चेहरे के काले दाग व पिंपल्स
स्त्रीरोग, त्वचाविकार,पेट के विकार आदि रोगों की आयुर्वेदिक चिकित्सा का विशेष अनुभव
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433

# कन्या भ्रुण हत्या जैसी कुरीतियों पर रोक लगाने मुखबिरों को मिलेगा 2 लाख रुपये तक का पुरस्कार..

## बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए सामाजिक सहभागिता की अपील..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने के लिए राज्य शासन द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 यानी पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी***

उद्देश्य से शासन द्वारा पुनरीक्षित मुखबिर पुरस्कार योजना-2021 संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत अवैध भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन संबंधी गतिविधियों की सूचना देने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। योजना के तहत यदि किसी मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई होती है तथा न्यायालय में अपराध सिद्ध होता है, तो कुल 2 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रावधान है। यह राशि मुखबिर, डिकॉय महिला, अभियोजन अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकृत व्यक्तियों को नियमानुसार वितरित की जाती है।

शासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, सूचना के आधार पर विधिक कार्रवाई होने पर प्रथम किश्त के रूप में 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि कोर्ट में चालान प्रस्तुत होने के बाद दी जाएगी। वहीं न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर द्वितीय किश्त के रूप में 75 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी प्रवर्तन के लिए शासन द्वारा स्टिंग ऑपरेशन को महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में अपनाया गया है। अवैध भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन में संलिप्त व्यक्तियों और संस्थानों के विरुद्ध साक्ष्य आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मुखबिरों एवं डिकॉय महिलाओं की सहायता से गोपनीय स्टिंग ऑपरेशन संचालित किए जाते हैं। सफल स्टिंग ऑपरेशन के सत्यापन के बाद प्रथम किश्त के रूप में कुल 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि वितरित की जाती है। इसमें मुखबिर को 50 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 20 हजार रुपये, सहयोगी को 10 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 15 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं।

इसी प्रकार न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर द्वितीय किश्त के रूप में कुल 75 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इसमें मुखबिर को 30 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 10 हजार रुपये, सहयोगी को 5 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 10 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 20 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान है। राज्य शासन ने आमजन से अपील की है कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षित भविष्य एवं समाज में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए भ्रूण लिंग जांच एवं लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें तथा सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है।
संपर्क करें..
मो. 9301210805, 7000671780

आवश्यकता है..
ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)
संपर्क - 9244872544/ 9201340520

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN | MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# 30 वर्ष बाद हुआ जिला यादव महासभा का भव्य परिचय सम्मेलन

## बिलासपुर, जबलपुर इंदौर छिंदवाड़ा, गोंदिया मुलताई से आए युवक - युवती..









जगप्रेरणा सिवनी।

***बीते दिवस 24 मई को राशि बाहुबली लॉन में आयोजित आदर्श युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य समापन हुआ।***

कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के समाज के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव, विधायक सचिन यादव (कसरावद), जिला भाजपा अध्यक्ष छिंदवाड़ा शेष राव यादव, पूर्व विधायक बरगी संजय यादव, नीरज यादव जिला अध्यक्ष विदिशा, राजकुमार यादव उज्जैन, पप्पू यादव संरक्षक जिला यादव महासभा छिंदवाड़ा, अनिल यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा छिंदवाड़ा, अनिल यादव संरक्षक जिला यादव महासभा बालाघाट, गुलाब यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा बालाघाट, दीपमाला यादव अध्यक्ष जिला यादव महिला महासभा छिंदवाड़ा तथा गोली समाचार जिला अध्यक्ष गंगाराम चंद्रवंशी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे यदुवंशियों का जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण यादव द्वारा स्वागत किया गया। अपने स्वागत संबोधन में अरुण यादव ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से प्रदेश की गौशालाएं यादव समाज को सौंपने, यादव कल्याण बोर्ड गठन करने तथा जिले के औद्योगिक क्षेत्र भूरकुल खापा में डेयरी उद्योग हेतु भूमि एवं समाज के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही वर्ष 2027 में जिले में संभाग स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा कर मंच से समाज से सहयोग की अपील की। पूर्व विधायक संजय यादव ने समाज को एकजुट करने के लिए जिला यादव महासभा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज की महिलाओं को भी सामाजिक गतिविधियों में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगामी 2027 में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष छिंदवाड़ा शेष राव यादव ने कहा कि 'यादव समाज किसी के बंधन में नहीं रहता, पार्टी से पहले समाज है।' उन्होंने समाज में राजनीति से ऊपर उठकर सभी को एक साथ आने तथा महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं मुलताई के सामाजिक बंधुओं को जोड़ने के लिए जिला यादव महासभा की सराहना की।समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने अपने उद्बोधन में समाज में दहेज प्रथा एवं मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को बंद करने की बात कही। उन्होंने बच्चों एवं बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही जिले में चार लाख से अधिक यादव समाज होने के बावजूद उचित राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलने पर आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी खड़ा करने की बात कही।

विधायक सचिन यादव ने समाज को एक मंच पर लाने के लिए अरुण यादव एवं उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'प्रदेश में सबसे ज्यादा 1.5 करोड़ यादव समाज है।' उन्होंने यादव, अहीर, पाल, गड़रिया एवं चंद्रवंशी समाज के बीच रोटी-बेटी का व्यवहार बढ़ाने तथा समाज में राजनीतिक चेतना लाने की आवश्यकता बताई। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने एवं आगामी वर्ष में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को उत्साहपूर्वक सफल बनाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में केवलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया, राजा बघेल, अमृत यादव बालाघाट, पप्पू यादव छिंदवाड़ा, अनिल यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा छिंदवाड़ा, नीरज यादव अध्यक्ष विदिशा, दीपमाला यादव छिंदवाड़ा, घंसौर मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिला यादव महासभा के संरक्षक महेश यादव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

# ब्लॉक, मंडलम एवं पंचायत कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित होंगे - सोहन वाल्मीक



जगप्रेरणा सिवनी।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिले में प्रति माह संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की दृष्टि से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक जिला प्रभारी सोहन लाल वाल्मीक की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल की उपस्थिति में दिनांक 24 मई 2026 दिन रविवार को कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में बैठक आयोजित हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संगठन की आगामी समस्त कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से बताया और समन्वय समिति के पदाधिकारियों से प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्राप्त निर्देशो के अनुसार संगठन के कार्यो में पूरी क्षमता के साथ सहभागिता का निर्वहन करने के निर्देश दिए, ताकि समय पर जिले की चारो विधानसभाओं में कांग्रेस संगठन की प्रत्येक इकाई का गठन एवं क्रियान्वयन तय समय पर किया जा सकें।

इस महत्वपूर्ण कार्य में आप सभी की आवश्यकता है श्री मरावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई बड़ा छोटा नही है जिले की समन्वयन समिति का प्रत्येक पदाधिकारी कांग्रेस संगठन के प्रति अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करने में सक्षम है हम अपने मजबूत कांग्रेस संगठन के बल पर ही जिले की चारो विधानसभा चुनावों में अवश्य ही विजयी होगे। जिला प्रभारी, परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समन्वय समिति के सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की मंशा को साकार करने में आप सभी कांग्रेस पदाधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि सिवनी जिले की चारो विधानसभाओं में ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, ग्राम पंचायत कांग्रेस, नगर कांग्रेस, वार्ड कांग्रेस कमेटियों के गठन में अपना समय और सहयोग देकर इन कांग्रेस कमेटियों में स्थानीय लोगो को उचित स्थान देकर सम्मान प्रदान करने का काम करें।

सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी जब भी संगठनात्मक कार्यों की आवश्यकता महसूस करेंगे मैं तत्काल उपस्थित होकर ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, पंचायत कांग्रेस कमेटी बूथ, बीएलए पदाधिकारियों के साथ प्रत्येक ब्लॉक में कांग्रेस जनों के बीच जाकर कार्य करूगा। श्री पटैल ने आगे कहा कि हम सब को मिलकर प्रदेश की जन विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेकना है प्रदेश में लम्बे समय से सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश को जगल राज बना दिया है हम सबको मिलकर प्रदेश एवं जिले की जनता को इस जगल राज से मुक्ति दिलाना ही हमारा कर्तव्य है। प्रदेश की कसरावत विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता सचिन यादव का अपने पूर्व निर्धारित यादव महासंभा के कार्यक्रम में सम्मलित होने सिवनी आगमन हुआ, इस दौरान उन्होंने कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन पधारकर उपस्थित कांग्रेस जनों से सौजंय भेंट किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने शॉल श्रीफल भेटं कर स्वागत किया।


श्री वाल्मीक ने संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत नियुक्त ब्लॉक इकाई, मंडलम इकाई के सभी सदस्यों का विधानसभा वार प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र आयोजित करने के संबंध में जानकारी दी एवं कहा कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी उपस्थित रहेंगें, जिला समन्वय समिति के आप सभी पदाधिकारी ब्लॉक, मंडलम, नगर एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन में अपना सहयोग देकर संगठन के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराए, यही हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर केवलारी विधानसभा के विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा बघेल, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफखान, राजकुमार खुराना, हाजी मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल, बरघाट विधानसभा प्रभारी आजम खान, साबिर अंसारी, अनिल सिंह ठाकुर, विनोद वासनिक, प्रकाश सूर्यवंशी, देवेन्द्र ठाकुर, मुबारक खन, विजय उइके, हर्षवर्धनसिंह लकी बघेल, विनोद यादव की उपस्थिति रही।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

# राहीवाड़ा में पेयजल संकट पर प्रशासन सख्त, कलेक्टर ने बनाई जांच समिति..

जगप्रेरणा सिवनी।

***ग्राम राहीवाड़ा में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायत पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। 26 मई को जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने एक जांच समिति का गठन कर दिया है।***



(का.) 07692-220444
(नि.) 07692-220301
(फेक्स) - 07692-220990

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, सिवनी (म.प्र.)

क्र. 86 /पेयजल/पी.एच.ई./2026-27 सिवनी दिनांक - 26/05/26

आदेश

दिनांक 26.05.2026 को जनसुनवाई के दौरान ग्राम राहीवाड़ा के ग्रामवासियों द्वारा पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न होने की समस्या के निराकरण हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है :-

| क्र | अधिकारी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री आर.जी.गभने | कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सिवनी |
| 2 | श्री लोकेश साहू | मु.का.अ. जनपद पंचायत सिवनी |
| 3 | श्री अभिषेक परधान | प्रबंधक जलनिगम |
| 4 | श्रीमती रोहणी बघेल | सहायक यंत्री जनपद सिवनी |

उक्त समिति ग्राम मे दिनांक 27.05.2026 को प्रातः 7.30 बजे पहुँचकर पेयजल व्यवस्था एवं मौका स्थिति की जांच कर एवं समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा एवं क्रियांवयन कर प्राप्त प्रगति का प्रतिवेदन 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करेगी।

कलेक्टर
जिला - सिवनी

क्र. 2649 /पेयजल/पी.एच.ई./2026-27 सिवनी दिनांक - 26/05/2026
प्रतिलिपि :-
01. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
02. सर्व संबंधित श्री ............................................................ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

कलेक्टर
जिला - सिवनी

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश क्रमांक 86/ पेयजल/ पी.एच.ई./ 2026-27 के अनुसार समिति में निम्न अधिकारी शामिल किए गए हैं जिसमे आर.जी. गभने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सिवनी, लोकेश साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी, अभिषेक परधान प्रबंधक जल निगम, श्रीमती रोहणी बघेल सहायक यंत्री जनपद सिवनी को शामिल किया गया है। आदेश के अनुसार समिति 27 मई 2026 को प्रातः 7:30 बजे ग्राम राहीवाड़ा पहुंचेगी। टीम गांव में पेयजल व्यवस्था एवं मौका स्थिति की जांच करेगी। साथ ही समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा और क्रियान्वयन करेगी।

कलेक्टर ने समिति को निर्देश दिए हैं कि जांच के बाद की गई कार्रवाई और प्रगति का प्रतिवेदन 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए। आदेश की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ भेजी गई है। वहीं ग्राम राहीवाड़ा के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे थे। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद है।

## जाहिर सूचना

श्रीमति अंजली सिंह चौहान पत्नि - श्री विक्रम सिंह चौहान, निवासी- ग्राम शाहपुर, तहसील व जिला- बुरहानपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण को प्रेषित करता हूं कि मेरी पक्षकारा द्वारा अरूण कुमार श्रीवास्तव से उनके मालकियत की भूमि बाके मौजा ज्यारत, प.ह.नं.-105, थाना - सिवनी, तह. व जिला - छिंदवाड़ा में भूमि खसरा नंबर - 98/1/2 रकबा -2350.25 वर्ग फुट को पंजियत विक्रयपत्र दिनांक - 23/12/ 2024 के माध्यम से खरीदी है। अरूण कुमार श्रीवास्तव द्वारा आदर्श स्टेट बैंक ऑफइंडिया कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति से पंजीयत विक्रय पत्र दिनांक - 21/03/1990 पुस्तक क्र - A1, ग्रंथ क्र -2668, के पृष्ठ क्र-53 से 56 के दस्तावेज क्रमांक - 4186 के माध्यम से खरीदी थी, उक्त मूल पंजियत विक्रयपत्र गुम हो जाने से मेरे पक्षकार के आधिपत्य में नहीं है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संबंध में दस्तावेज गुमनें की शिकायत सूचना पुलिस को भी दर्ज कराई है। मेरे पक्षकार के बताए अनुसार उक्त संपत्ति पाकसाफएवं भारमुक्त है। ऐसे में सर्वसाधारण को सूचना देता हूं कि उक्त संपत्ति या मूल दस्तावेज के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो या जो किसी भी प्रकार का दावा रखता हो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर सूचित करे ।

### न्यायालय नजूल अधिकारी सिवनी जिला सिवनी

## ।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क, 0025/अ-6/2026-27

परिशिष्ट में दी गयी नजूल भूमि पर अपना नाम दर्ज करनोतु आवेदक/ आदिका मकबूल खान पिता स्व. महमूद स्थान, निवासी अशोक वार्ड सिवनी तहसील व जिला सिवनी ने भूमि पर फौति के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस राज्य में किसी को कोई यह दिनांक 25.06.2026 को नजूल जनिका सिवनी के न्यायालय में न्यायालयीन समय मे उपस्थित होकर लिखित आपत्ति स्वयं अथवा मान्यता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पर किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नही की जायेगी। यदि किसी कारण उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो है। प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

परिशिष्ट

| वार्ड का नाम | ब्लाक नंबर | प्लाट नंबर | कुल रकबा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| अशोक वार्ड सिवनी | 49 | 194 | 1160.00 वर्गफुट | फौति के आधार पर नामातरण किये जाने बाबत्। |

जारी दिनांक- 13/05/2026
पेशी दिनांक- 28/05/2026

नजूल अधिकारी
सिवनी

# सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही..

## 17 सटोरिये 6710/- रुपये नकदी सहित गिरफ्तार..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

दिनांक 25/05/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अशोक वार्ड, अमन होटल के पास कुछ व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई।

रेड कार्यवाही के दौरान मौके से कुल 17 सटोरियों को अवैध सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। सभी आरोपियों के कब्जे से कुल 6710/- रुपये नकद एवं सट्टा पर्चियां विधिवत जप्त की गई।

सभी 17 आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपीगण..

हीरालाल जंघेला पिता नोबतराम जंघेला, उम्र 38 वर्ष, निवासी कबीर वार्ड थाना डूंडासिवनी, मनकू यादव पिता फूलचंद यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम कोहका थाना डूंडासिवनी, गोपाल विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम टिकारी थाना लखनवाड़ा, मदन चंद्रवंशी पिता दशरथ चंद्रवंशी, उम्र 45 वर्ष, निवासी घाट पिपरिया थाना बंडोल, सूरज काकोडिया पिता गेंदलाल काकोडिया, उम्र 60 वर्ष, निवासी मटकाटोला थाना डूंडासिवनी, उत्तम पटेल पिता भागवत पटेल, उम्र 48 वर्ष, निवासी कुम्हारी मोहल्ला मंगलीपेठ, महेश पंचेश्वर पिता हरि प्रसाद पंचेश्वर, उम्र 34 वर्ष, निवासी मछली मार्केट हड्डी गोदाम सिवनी, गजेन्द्र गढेवाल पिता दशरथलाल गढेवाल, उम्र 73 वर्ष, निवासी आजाद वार्ड सिवनी, मनीष विछेला पिता गनपत विछेला, उम्र 43 वर्ष, निवासी चिडियापलारी थाना डूंडासिवनी, रेहान खान पिता सादिक खान, उम्र 24 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम सिवनी, आरिफखान पिता अंसार खान, उम्र 37 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम सिवनी, देवचंद बरमैया पिता पूनाराम बरमैया, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम मुंगवानी, सतीश यादव पिता रामभरोस यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ सिवनी, राजकुमार परते पिता राधेश्याम परते, उम्र 35 वर्ष, निवासी चूनाभट्टी थाना डूंडासिवनी, रज्जन ढीमर पिता रामसेवक ढीमर, उम्र 46 वर्ष, निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास सिवनी, संतोष सोनी पिता बलराम सोनी, उम्र 52 वर्ष, निवासी काली चौक के पास सिवनी, अनिल चंद्रवंशी पिता रामा चंद्रवंशी, उम्र 50 वर्ष, निवासी भैरोगंज सिवनी

**जप्त सामग्री**.. सट्टा एक्ट की नकदी रकम 6710/- रुपये एवं सट्टा पर्ची.

### सराहनीय कार्य..

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयवंत ठाकुर, प्र.आर. मुकेश गोडाने, आर. सतीश इनवाती, प्रतीक बघेल, सिद्धार्थ दुबे, संतोष साहू, लोकेश सरयाम, सौरभ सिंह कछवाहा की विशेष भूमिका रही।

# बिजली विभाग के औचक निरीक्षण से कान्हीवाड़ा में मचा हड़कंप..

## 5 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी, काटा चालान



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम कान्हीवाड़ा में उस समय हड़कंप मच गया, जब विद्युत विभाग की टीम ने अचानक गांव में दबिश दी।***

विभाग के इस औचक निरीक्षण (सरप्राइज चेकिंग) से क्षेत्र के बिजली चोरों में खलबली मच गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने पांच घरों में सीधे तौर पर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा, जिसके बाद उनके खिलाफ कड़ी चालानी कार्रवाई की गई।

### चोरी की शंका पर मारा छापा

जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग को पिछले कुछ समय से कान्हीवाड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी शंका के आधार पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से अचानक गांव में निरीक्षण किया। टीम को अचानक अपने सामने देखकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

### कटिया डालकर चलाई जा रही थी बिजली

निरीक्षण के दौरान टीम ने जब संदिग्ध घरों की जांच की, तो 5 घरों में मुख्य लाइन से सीधे अवैध कनेक्शन (कटिया डालकर) कर बिजली चोरी की जा रही थी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर ही अवैध तारों को जब्त किया और पंचनामा तैयार कर 5 उपभोक्ताओं के खिलाफचालानी कार्रवाई

### कार्रवाई से मचा हड़कंप

इस औचक निरीक्षण के बाद से कान्हीवाड़ा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध बिजली कनेक्शन धारकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। कई लोग कार्रवाई के डर से अपने अवैध कनेक्शन खुद ही हटाते नजर आए। विभाग ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें और भारी-भरकम जुर्माने व अदालती कार्रवाई से बचें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### 300 दिनों से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन की

## लंबित शिकायतों की सुनवाई कर कलेक्टर मृणाल मीना ने किया निराकरण..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर मृणाल मीना ने 26 मई को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज राजस्व विभाग की 300 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं एवं संबंधित***

क्षेत्र के पटवारियों से प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर डी. पी. बर्मन भी उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान किरनापुर तहसील के ग्राम सोनपुरी निवासी रजनीश मेश्राम की शिकायत पर विचार किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि घनश्याम टांडेकर द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर शौचालय का निर्माण किया गया है। यह शिकायत पिछले 368 दिनों से लंबित थी। मामले की सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित पटवारी को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार बैहर तहसील के ग्राम मोवाला निवासी आनंद गजभिये ने अपनी निजी भूमि का फर्जी नामांतरण कर बिक्री किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जो लगभग 400 दिनों से लंबित थी। इस मामले में कलेक्टर ने पटवारी को भूमि का सीमांकन कर नक्शा दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कटंगी निवासी गीता खंडेलवाल द्वारा ऋण पुस्तिका में गलत प्रविष्टि किए जाने की शिकायत की गई थी। वहीं तिरोड़ी निवासी शारदा कुमार डहरवाल ने अपनी भूमि का नक्शा तैयार नहीं किए जाने संबंधी आवेदन लंबित होने की शिकायत की थी। इसके अलावा लांजी तहसील के ग्राम बिरनपुर निवासी सोहन नगपुरे ने लीलाराम एवं हरीशंकर लिल्हारे द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित पटवारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई कर शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## ईद-उल-अजहा पर्व के दृष्टिगत पुलिस कंट्रोल रूम बालाघाट में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***आगामी ईद-उल-अजहा पर्व के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बालाघाट जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के वरिष्ठ सामाजिक व्यक्तियों, गणमान्य***

नागरिकों एवं धर्मगुरुओं को आमंत्रित कर शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बैठकों में प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं । इसी क्रम में पुलिस कंट्रोल रूम बालाघाट में भी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के सदर फारूक शेख, शहर काजी मौलाना हबीब नूरी सहित अन्य सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, सीएसपी श्री मयंक तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी भरवेली उपस्थित रहे। साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने हेतु साइबर सेल बालाघाट द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है । भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली जानकारी प्रसारित करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बालाघाट पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें तथा ईद-उल-अजहा पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

## पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत नवीन डहाटे को कालोनाइजर विकास की अनुज्ञा..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालाघाट एवं कालोनाइजर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री गोपाल सोनी ने मप्र ग्राम पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अधीन नर्मदानगर बालाघाट निवासी***

नवीन पिता विजय डहाटे को ग्राम धनसुआ में कालोनाइजर विकास के लिए अनुज्ञा प्रदान की है। कालोनाइजर नवीन डहाटे को ग्राम धनसुआ के खसरा नं. 366/2/2 एवं 365/1 के कुल रकबे 1.214 हे. में से 11 हजार 480 वर्ग मीटर में कालोनी विकास की अनुज्ञा प्रदान की है। कालोनाइजर को मप्र भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत भूमि के डाइवर्सन की शर्तों एवं मप्र नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की शर्तों का पालन करना होगा। इसके साथ ही वे कालोनी विकास/निर्माण में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा निम्न आय समूहों के लिए भू-खण्ड/भवन को प्राथमिकता देना होगा। बताया गया है कि मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत बालाघाट जिले में कालोनाइजर को दी जाने वाली यह पहली अनुज्ञा है।

## 28 मई को ईदुज्जुहा का अवकाश रहेगा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

**राज्य शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार ईदुज्जुहा का अवकाश गुरुवार 28 मई को रहेगा। पूर्व में ईदुज्जुहा का अवकाश बुधवार 27 मई को घोषित किया गया था। बुधवार 27 मई को निर्धारित समय अनुसार समस्त शासकीय कार्यालय खुले रहेंगे।**

## पद्मावती ले-आउट के रहवासियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर कार्रवाई की मांग..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***शहर के वार्ड क्रमांक 04 स्थित देवनगर पद्मावती ले-आउट के रहवासियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर एवं जनसुनवाई अधिकारी को शिकायत सौंपते हुए कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। रहवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉट बेचते***

समय सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, गार्डन और बिजली जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। आवेदन में बताया गया कि पद्मावती ले-आउट की भूमि खसरा नंबर 161/1, 162/5, 163/1, 164/3 एवं 162/2 रकबा लगभग 9 एकड़ में स्थित है।

### कालोनाईजर धीरज सुराना पर ले-आउट विकसित कर प्रावधानों का उल्लंघन करने के लगाए आरोप..

भूमि स्वामिनी श्रीमती मणी जैन से अनुबंध कर अनावेदक धीरज सुराना द्वारा ले-आउट विकसित किया गया और छोटे-छोटे प्लॉट बनाकर लोगों को बेचा गया। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनाइजर एक्ट के प्रावधानों का पालन किए बिना प्लॉट विक्रय किए गए।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2009-10 से लोग यहां मकान बनाकर निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। बरसात के दिनों में कॉलोनी में जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

आसपास खेत होने के कारण जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली सुविधा के लिए उन्हें स्वयं जनभागीदारी योजना के तहत नगर पालिका में राशि जमा करनी पड़ी। इसके बावजूद कॉलोनाइजर द्वारा लगातार आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

**आरोप है कि अब कॉलोनाइजर कॉलोनी छोड़कर चले गए हैं और फोन तक नहीं उठाते। आवेदकों ने कलेक्टर से मांग की है कि कॉलोनी में शीघ्र सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, गार्डन एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर संबंधित के खिलाफ अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।**

## जन सुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में सुनी गई 107 आवेदकों की समस्याएं, किया गया समाधान..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 26 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक***

एवं श्री एम.आर. कोल तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 107 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे। जनसुनवाई में खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम नवेगांव की राजनंदनी कुंभलवार आंगनवाडी सहायिका भर्ती पर लगायी गई आपत्ति को हटाये जाने की मांग लेकर आयी थी। राजनंदनी का कहना था कि उसने ग्राम नवेगांव (ख) में केंद्र क्रमांक 02 में आंगनवाडी सहायिका पद के लिये समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किया था।

अनंतिम सूची जारी होने के पश्चात उसका नाम वरीयता के अनुसार क्रमांक 01 पर था किंतु उसके नाम पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज करायी गई है जो कि निराधार है। राजनंदनी ने मांग की है कि आपत्ति का शीघ्र निराकरण कर भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इस प्रकरण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। बालाघाट नगरीय क्षेत्र के वार्ड नं 13 करूणा नगर के निवासी वार्ड में सडक व नाली निर्माण कराये जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि बरसात में सडको के गड्ढों में पानी भर जाने से बच्चों को स्कूल जाने तथा बुजुर्गो को आने जान कठिनाईयों का सामना करना पडता है। अतः शीघ्र वार्ड में सडक एवं नाली निर्माण का कार्य कराया जाए। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट नगरीय क्षेत्र के ही वार्ड नं.01 सिद्धार्थ नगर बुढी के कौशल कुमार घर के सामने रोड पर नाली व संडास का पानी जमा होने की शिकायत लेकर आये थे। कौशल का कहना था कि उसके मकान के सामने रोड पर नाली व सेपटिक टेंक का पानी पिछले 9 माह से रोड पर ईकट्ठा होकर बदबू कर रहा है। कौशल ने शीघ्र इस समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में शासकीय प्राथमिक शाला चाचेरी के प्राथमिक शिक्षक सुरेन्द्र रंगारे स्कूल भवन की जमीन का नामांतरण एवं स्कूल की चाबी दिलाने की मांग लेकर आए थे। सुरेन्द्र का कहना था कि वर्ष 2004 में भसदेवा टोला में स्कूल भवन निर्माण के लिए शासन से 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। उस समय क्षेत्र में सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण भवन निर्माण बड़ी समस्या बन गया था। सुरेंद्र ने बताया कि स्कूल भवन बनने के बाद शाला बंद हो गई, लेकिन आज तक जमीन की पट्टी एवं नामांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अब वे उक्त जमीन की पट्टी अपने नाम से बनवाने की मांग कर रहे हैं। इस प्रकरण में जिला परियोजना समन्वयक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनपद पंचायत लांजी के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही योजना की दूसरी किश्त प्रदाय किये जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि वर्ष 2024-25 प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना अंतर्गत उन्हें आवास स्वीकृत किये गए थे। जिसकी प्रथम किश्त की राशि प्राप्त होने के बाद मकान का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। किंतु कार्य अधुरा ही रह गया है, अतः शीघ्र आवास योजना की दूसरी किश्त की राशि प्रदाय की जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लांजी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनपद पंचायत बालाघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नैतरा के सरपंच व पंचगण अपनी पंचायत के रोजगार सहायक हटाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि रोजगार सहायक अवलेश बिरनवार द्वारा पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, मनरेगा योजना अंतर्गत जीओ टेगिंग एवं केवायसी जैसे अन्य कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। रोजगार सहायक की कार्यप्रणाली से ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

वारासिवनी तहसील वार्ड नं.05 की रीमा बिसेन अपने बेटी की प्रवेश सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी। रीमा का कहना था कि उसकी बडी बेटी क्रिस्टी कक्षा चौथी प्रायवेट स्कूल से पास कर चुकी है और अब वह अपनी बेटी का प्रवेश सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में करवाना चाहती है। किंतु विद्यालय प्राचार्य का कहना है कि प्रायवेट स्कूल से पास होने के यहॉ प्रवेश नही दिया जाता है। उसने बताया कि उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है, उसकी स्थिति अपनी बेटी को प्रायवेट स्कूल में पढाने की नही है। अतः उसकी पुत्री को सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश दिलाया जाए। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। लालबर्रा तहसील के ग्राम मानपुर निवासी सुनील राव अपने दस्तावेजों में जाति सुधार कर दर्ज किए जाने की मांग लेकर आये थे। सुनील राव का कहना था कि वे चमार जाति में आते है जो कि अनुसूचित जनजाति अंतर्गत आती है, किंतु उनके सभी दस्तावेजों में उनकी जाति पिछड़ा वर्ग दर्ज है व ऑनलाइन पोर्टल में भी वही दिखा रहा है। उसने बताया कि पोर्टल में अनुसूचित जनजाति दर्ज न होने से बच्चों की शिक्षा व अन्य शासकीय कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसकी समस्या कों सुनने के बाद कलेक्टर श्री मीना नें एसडीएम वारासिवनी को इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

कटंगी तहसील के ग्राम अर्जुननाला की निवासी ईमलाबाई भूमि सीमांकन कराने कि मांग लेकर आयी थीं। ईमला का कहना था कि उसकी भूमि ग्राम अर्जुननाला में स्थित है जिसका खसरा नंबर 74/66 एवं रकबा 0.025 है। लेकिन भूमि कि सीमा स्पष्ट नहीं है जिससे पड़ोसियों द्वारा विवाद किया जाता है। उसने बताया कि भूमि का सीमांकन होने से किसी भी प्रकार कि समस्या उत्पन्न नहीं होंगी। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें तहसीलदार कटंगी को इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में बालाघाट निवासी फैज खान लंबित वेतन का भुगतान दिलाने कि मांग लेकर आये थे। फैज खान का कहना था कि वे बालाघाट के डोंगरिया स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में कार्य करते थे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना दिए 25 दिनों के लिए लीव ऑफ़ कर दिया गया है। इस कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गयी है। उन्होने बताया कि उनके द्वारा विद्यालय प्रबंधन कों त्यागपत्र एवं नो डयूज़ आवेदन प्रस्तुत किया जा चूका है लेकिन अभी तक उनका अप्रैल व मई माह का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें लेबर ऑफिसर कों इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में वारासिवनी तहसील निवासी दुर्गेश देव्हारे सिविल अस्पताल वारासिवनी में नल एवं बिजली फिटिंग व रिपेयरिंग के बिलो कि राशि दिलाने की मांग लेकर आये थे। दुर्गेश देव्हारे का कहना था कि 01 वर्ष पूर्व उसके द्वारा सिविल अस्पताल वारासिवनी में बिजली एवं नल फिटिंग का कार्य किया गया था जिसकी मजदूरी कि राशि का बिल अस्पताल में जमा कर दिया गया है, लेकिन उसे आज तक भुगतान नहीं किया गया है। उसने बताया कि इस सम्बन्ध में उसने अधिकारीयों कों कई बार अवगत भी कराया लेकिन कोई संतोषजनक परिणाम नहीं मिला। इस पर कलेक्टर श्री मीना नें सीएमचओ कों इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## पेयजल संकट के त्वरित निराकरण हेतु संभागीय कंट्रोल रूम स्थापित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग द्वारा नगरीय निकायों में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संभागीय कार्यालय स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका उद्देश्य नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल सहायता उपलब्ध कराना है।

कंट्रोल रूम में कर्मचारी श्री नितिन शर्मा एवं श्री अविनाश जैन की ड्यूटी लगाई गई है। नागरिक पेयजल समस्या से संबंधित शिकायत एवं जानकारी के लिए श्री नितिन शर्मा के मोबाइल नंबर 9121062960 तथा श्री अविनाश जैन के मोबाइल नंबर 9175 096045 पर संपर्क कर सकते हैं। यह व्यवस्था विशेष रूप से बालाघाट जिले सहित संभाग के सभी नगरीय निकायों के लिए लागू की गई है, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम को दें, जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई कर राहत प्रदान की जा सके।

## जिला अस्पताल में दिलाई गई तंबाकू सेवन न करने की शपथ

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले में 25 मई से 31 मई तक आयोजित किए जा रहे विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालाघाट में शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने बताया कि 31 मई 2026 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री मीणा के निर्देशानुसार 25 से 31 मई तक हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण, विद्यालय एवं महाविद्यालयों में काउंसिलिंग, योगाभ्यास तथा जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप,सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, कोटपा एक्ट की नोडल अधिकारी डॉ. षलुभा मचगाहे सहित अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफएवं बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. उपलव ने बताया कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम ÷अपील को उजागर करना ङ्क निकोटिन एवं तंबाकू की लत से लडना÷ निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों का बढ़ता उपयोग विश्वभर में असमय मृत्यु का प्रमुख कारण बन रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए तंबाकू एवं उससे बने उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार करना चाहिए।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

## ग्राम सोनपुरी में गंगा दशहरा की पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया



संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***दिनांक 25/05/2026 को मा. मुख्यमंत्री जी के आव्हान पर एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीणा जी के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर***

द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम सोनपुरी में जल यात्रा, जल स्त्रोत पूजन एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा के ध्यान एवं जल स्त्रोत पूजन से हुई, जिसमें विधि-विधानपूर्वक अक्षत, पुष्प, नारियल, दही एवं दूध द्वारा जल एवं कलश पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया।

तत्पश्चात कलश के पवित्र जल से ग्राम सोनपुरी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

मंदिर परिसर में आयोजित सभा के दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी नागरिकों को जल बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

यह आयोजन ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नदियों, तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन करना है। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्रामीणों ने जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर तहसीलदार बैहर श्री अनुराग मेरावी जी, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री जेम्स बारीक जी, राजस्व निरीक्षक राजस्व सनी अर्मो, पटवारी श्री अभिषेक मेश्राम जी, पटवारी देवेंद्र धुर्वे,सरपंच सोनपुरी श्री सुनील उइके जी, विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले जी, युवा मोर्चा महामंत्री श्री संतोष सोनी जी, डॉ. प्रभात घुले जी, पत्रकार संजना बर्वे जी, समाजसेवी बैहर श्री अभय यादव जी, परामर्शदाता शिवनाथ यादव जी, श्री सुरेश यादव जी, सचिव सोनपुरी श्री सुखचरण खढ़ाते जी, सहायक सचिव श्री सतीश उमरे जी, ग्राम रक्षक सोनपुरी श्री बाबूलाल गजभिये जी, श्री संजय पंचभाया जी, मीडिया प्रभारी बालाघाट श्री अमन गौतम जी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री शंकर बिसेन जी, श्री भूमेश मात्रे जी, श्री अशोक कटरे जी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वरकड़े जी, सचिव श्री संदीप गजभिये जी, सदस्य ममता कटरे जी, इमला बाई गजभिये जी, देवकी बाई पंचतिलक जी, रोशनी गजभिये जी, मुन्नी बाई धुर्वे जी, हेमलता रहांगडाले जी, सरिता मात्रे जी एवं शिखा उमरे जी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

साथ ही **CMCLDP** के छात्र-छात्राओं में ज्योति कुर्वेती, पूर्णिमा रहांगडाले, ओमती मरकाम, शिवानी शिवहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे एवं सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

'जल ही जीवन है – जल संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।'

## जिला पंवार क्षत्रीय संगठन, पंवार समाज ब्लॉक लामता की कार्यकारिणी घोषित..

जगप्रेरणा लामता, बालाघाट।

***पंवार समाज ब्लॉक लामता अध्यक्ष दीपचंद ठाकरे द्वारा ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी के मार्गदर्शन से, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के निर्देशानुसार ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया हैं।***

अध्यक्ष दीपचंद ठाकरे तीखाखारी,सचिव ओमकार चौहान खैरगांव, कोषाध्यक्ष योगेश पारधी बटुवा, उपाध्यक्षगण सर्वश्री संतोष राहंगडाले खैरगांव, संतोष पारधी चरेगांव, लक्ष्मण पटले नेवरगांव, जयचंद बोपचे शेरवी, रामदयाल राहंगडाले भालेवाड़ा, प्रेमलाल बिसेन सुरिया, पुष्पराज राहंगडाले लुटी, रमेश पारधी मगरदर्रा, येदूनंदन पटले मगरदर्रा, गणपत चौहान घुनाड़ी, योगेन्द्र हनवते सकरी, योगेश राहंगडाले कुकड़ा, चन्द्रशेखर हरिनखेड़े चमरवाही, सुरेन्द्र राहंगडाले सोनखार, जयचंद बिसेन अतरी, मानसिंह टेभरे हिरबाटोला, परसराम राहंगडाले नगरवाड़ा, महामंत्री सर्वश्री चन्द्रकांत राहंगडाले नगरवाड़ा, सुशील कटरे कोचेवाड़ा, सहसचिव सर्वश्री खिलेन्द्र पटले चाचेरी, संतोष कटरे कुम्हारी, रामाराव ठाकरे चनेवाड़ा, ताराचंद ठाकरे हिरबाटोला, टेकाराम राहंगडाले पचपेड़ी,संतोष राहंगडाले कुकड़ा, सह कोषाध्यक्ष सर्वश्री कामराज ठाकरे लवेरी, प्रकाश पारधी मोरिया, तपेश तुरकर खैरगांव, राजकुमार पटले मुरझड़। संरक्षकगण सर्वश्री चिन्तामन पटले मगरदर्रा, झुम्मकलाल पटले लामता, गेंदलाल ठाकरे चांगोटोला, तीर्थलाल राहंगडाले नगरवाड़ा, डी.पी. पटले चांगोटोला, विपिन ठाकरे हिरबाटोला, युवराज चौहान खैरगांव, गोविन्द प्रसाद बिसेन घंघरिया, रामाजी बिसेन बरखो।

ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्यगण सर्वश्री देवीलाल राहंगडाले कुम्हारी, संजू पारधी चिचोली, लेखराम गौतम डोंगरबोडी, भीवाराम पटले टिटवा, बिहारीलाल चौधरी टिटवा, माखनलाल ठाकरे मोरिया, देवराज पारधी सुरिया, जितेन्द्र बिसेन अमोली, प्रवेश राणा मगरदर्रा, तीर्थलाल चौधरी पाटदेह, मेहतलाल पटले पाटादेह, कृष्णकुमार ठाकरे पाद्रीगंज, मांगीलाल बघेले पाद्रीगंज, सुजलाल बिसेन सोनखार, विक्रम ठाकरे सोनखार, फूलचंद ठाकरे सोनखार, दुर्गेश पटले सकरी, हरीप्रसाद हनवते देवसर्रा, प्रेमलाल हनवते देवसर्रा, झनकलाल टेभरे बरखो, घनश्याम चौधरी नगरवाड़ा, डिंगेश चौधरी बीजापुरी, मुन्नाल अमुले हिरबाटोला, संतोष बिसेन नगरवाड़ा, ईश्वरदयाल गौतम परतापुर, गोपाल पटले पिण्डकेपार, दिनेश बिसेन बीजापुरी, रूपचंद राहंगडाले पचपेड़ी, तेजलाल टेभरे कुम्हारी, लालचंद बोपचे धंघरिया, राजेन्द्र चौधरी सोनखार, कंकर बिसेन चांगोटोला, गणगाराम चौधरी सोनखार, रूपलाल राणा चनेवाड़ा, ताराचंद पारधी शेरवी, अजय भैरेम खैरगांव कृष्णकुमार चौहान पचपेड़ी, महेन्द्र पटले तीखाखारी, डॉ किशनलाल बिसेन कुकड़ा, खोमनलाल भैरेम खैरगांव, मूलचंद बोपचे पाटादेह, दिनेश राहंगडाले खैरगांव, राजेश चौधरी पाद्रीगंज, डुलीचंद चौधरी पाटादेह, नर्मदेश्वर राहंगडाले नगरवाड़ा,बलराम बघेले घुनाड़ी, हिंगराज ठाकरे तीखाखारी, मीडिया प्रभारी सर्वश्री प्रहलाद पारधी चरेगांव, खिलेश्वर पटले लुटी, कैलाश ठाकरे हिरबाटोला, कार्यकारिणी महिला सदस्यगण श्रीमती नीलू राहंगडाले सोनखार, श्रीमती रेखा तुरकर नगरवाड़ा,श्रीमती प्रमिला भगत पिण्डकेपार, श्रीमती अनिता पटले मुरझड़, श्रीमती दिलेश्वरी राहंगडाले खैरगांव, श्रीमती निर्मला राहंगडाले नगरवाड़ा, श्रीमती धनवंता भगत घुनाड़ी,श्रीमती किरण पटले तीखाखारी, श्रीमती राखी हनवते चनेवाड़ा, श्रीमती सरिता ठाकरे चनेवाड़ा, श्रीमती रमेश्वरी हरिनखेड़े पचपेड़ी, श्रीमती शशीबाला कटरे पचपेड़ी, श्रीमती नीतू पटले तीखाखारी, श्रीमती खेलनबाई पारधी चिचोली, श्रीमती आशा टेभरे पाण्डेवाड़ा, श्रीमती सुनिता चौधरी पाटादेह नियुक्त किए गए हैं।

ब्लॉक कार्यकारिणी घोषणा से पंवार समाज ने हर्ष व्यक्त किया है, ब्लॉक अध्यक्ष दीपचंद ठाकरे का कहना है संगठन विस्तार से सभी सामाजिक बंधुओं को समाज हित में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और जैसा कि हमारे जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन की मंशा है कि बालाघाट जिले के प्रत्येक गांव तक समाज को संगठित रखना है उस मंशा को शक्ति मिलेगी।

## ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान जारी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम् मिशन' के अंतर्गत जिले में विशेष पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 16 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है।***

अभियान के तहत भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त गणमान्य नागरिकों से अपील की गई है कि यदि जिले के मंदिरों, मठों, आश्रमों, ट्रस्टों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों, शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों में पांडुलिपियाँ उपलब्ध हों, तो इसकी सूचना डॉ. आशा गोहे, विभागाध्यक्ष इतिहास, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट को मोबाइल नंबर 9425831546 पर दें।

ज्ञान भारतम् जिला स्तरीय समिति के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने बताया कि जिन नागरिकों के पास 70 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियाँ हैं, वे इस सर्वेक्षण में भाग लें। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पांडुलिपियाँ उनके पास ही सुरक्षित रहेंगी। अभियान के अंतर्गत केवल पांडुलिपियों के फोटोग्राफ लेकर उन्हें 'ज्ञान भारतम्' ऐप पर दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पर अपलोड होने के बाद देश-विदेश के लोग इन पांडुलिपियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे, जिससे भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान मिलेगी।

## कार्यालय कलेक्टर जिला बालाघाट एवं समुचित सरकार, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/ 2856, / भू-अर्जन / 2026 बालाघाट, दिनांक 13/05/2026

**।। घोषणा ।।**

चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि के कालम नंबर 5 में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। इस हेतु अनुसूची (2) में वर्णित भूमिस्वामियों की भूमियों का, भूमि अर्जन, पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 जून सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत, यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

अनुसूची -1

| जिला | तहसील | नगर/ग्राम | अर्जित रकबा क्षेत्रफल (हे.मे.) | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| बालाघाट | परसवाड़ा | चनई | 11.462 | चनई जलाशय निमार्ण |

अनुसूची - 2

| क्रमांक | खसरा नंबर | कुल रकबा | कुल अर्जित रकबा हे. मे | भूमि - धरक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 40/1 | 2.513 | 1.474 | सुखलाल, सुकबती, सुरलाल पिता जिलेसिंह, मंतीबाई बेटा जिलेसिंह निवासी परसवाड़ा |
| 2 | 40/2 | 2.513 | 2.513 | फुलेश्वरी बाई, जयसिंह पिता छोटेलाल निवासी परसवाड़ा |
| 3 | 40/3 | 1.257 | 1.257 | कपूरचन्द, गीताबाई, फुलचन्द पिता प्रेमलाल, भागवती बाई पति प्रेमलाल, निवासी परसवाड़ा |
| 4 | 40/4 | 1.256 | 1.266 | जीवनलाल पिता समारू, निवासी परसवाड़ा |
| 5 | 41/1/5 | 0.530 | 0.200 | धनेश्वर प्रसाद वर्मा पिता मंगलू राम वर्मा निवासी बालाघाट भूमिस्वामी |
| 6 | 41/1/2 | 0.530 | 0.530 | अभिमन्यू नेहरा पिता डी. एस. नेहरा निवासी परसवाड़ा (नासिक उत्तर प्रदेश) |
| 7 | 41/1/3 | 0.527 | 0.160 | अमनदीप पिता दीपक मल्हान निवासी पंचकुला हरियाणा |
| 8 | 41/1/4 | 0.530 | 0.360 | अरिहंत मल्हान पिता राजन मल्हान निवासी नागपुर महाराष्ट्र |
| 9 | 41/2 | 2.100 | 0.550 | संजय जैन पिता दौलतराम जाति जैननिवासी बालाघाट भूर्मिस्वामी |
| 10 | 42 | 4.047 | 2.690 | नेमीचन्द पिता किसनलाल जैन जाति जैन निवासी बालाघाट भूमिस्वामी |
| 11 | 43/3 | 1.554 | 0.420 | काशीराम, नैनवती पिता पुरनलाल पुरंनलाल पिता बालाराम जाति पवांर निवासी चनई भूमिस्वामी |
| 12 | 44/2 | 4.452 | 0.052 | शिवपाल सिंह पिता बैसाखू जाति गोंड निवासी कंजई लालबर्रा भूमिस्वामी |
| | योग :- | 20.552 | 11.462 | |

## The Court Of II Civil Judge Class-I, Civil Court Waraseoni, District Court, Balaghat

**Presiding Officer** : ऋषभ डोनल सिंह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक **(MIC SUC/0000003/2026)**

पार्थ तुमसरे वली दादी रूमनबाइ.......आवेदक

**Vs**

भारतीय जीवन बीमा निगम....... अनावेदक

**Process Id**- 101//2026
पेशी दिनांक :- 17/06/2026

प्रेषिती-
आमजनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण पार्थ तुमसरे वली दादी रूमनबाई मृतक गुनिता तुमसरे पति स्व. किशोर तुमसरे व स्व. किशोर तुमसरे निवासी ग्राम कनकी तहसील लालबर्रा जिला बालाालाट मध्यप्रदेश, ने भारतीय जीवन बीमा निगम से एक एल.आई. की पॉलिसी 'जीवन लक्ष्य' ली थी जिसका पॉलिसी क्रं. 365221867 जो 15/12/2018 से प्रांरभ होकर दिनांक 15/12/2038 तक थी, आवेदकगण की माता गुनिता तुमसरे पति स्व. किशोर तुमसरे की मृत्यृ दिनांक 09/11/2024 हो चुकी है उपरोक्त पॉलिसी मे नॉमिनी स्व. किशोर तुमसरे को किया गया था जिनकी मृत्यु दिनांक 23/07/2025 को हो चुकी है। यह है कि स्व0 गुनिता तुमसरे एवं किशोर तुमसरे की दोनों नाबालिग संताने पार्थ आयु 07 वर्ष व शिवन्या आयु 09 वर्ष बीमा पॉलिसी क्रमांक 365221867 की उत्तराधिकारी है जिसकी बिमित राशि 2,00000 दो लाख रूपये की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 जून 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश

## In The Court Of Pranesh Kumar Pran. Principal District and Session Judge, Balaghat

**Presiding Officer** : प्राणेश कुमार प्राण

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 संरक्षकता एवं प्रतिपाल्य अधिनियम
प्रकरण क्रमांक **(MJC GW/000016/2026)**
1 सविता भौरगढे पति स्व. सूरज भौरगढे
2 प्रशंसा भौरगढे ना. बा. उम्र 15 वर्ष
3 प्रेरणा भौरगढे ना. बा. उम्र 13 वर्ष दोनों वली मां श्रीमति सविता भौरगढे निवासी ग्राम भजियादंड पोस्ट अमई तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.
------- आवेदकगण

विरूद्ध

1 मदनलाल कनौजे निवासी वार्ड नंबर 13 गंगानगर बालाघाट म प्र 2 संजू नंदेश्वर निवासी ग्राम खैरी तहसील व जिला बालाघाट म प्र
3 दिनेश लिल्हारे निवासी ग्राम समनापुर जिला बालाघाट म प्र
4 आम जनता
------- अनावेदक

**Process Id**- /2026
पेशी दिनांक 16/06/2026

(1) आम जनता पता- आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति सविता भौरगढे ने संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम की धारा 8 हिन्दु संरक्षकता एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के अंतर्गत स्वयं को दोनों बच्चों क्रमशः प्रशंसा भौरगढे उम्र 15 वर्ष एवं प्रेरणा भौरगढे उम्र 13 वर्ष का संरक्षक एवं प्रतिपाल्य घोषित करने का आवेदन इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

यह कि आवेदिका ने दोनों बच्चों क्रमशः प्रशंसा एवं प्रेरणा को अपने और अपने पति स्व0 सूरज भौरगढे की संतान होना बताया है। आवेदिका ने उक्त आवेदन में अभिवचनित किया है कि उसे उसके बच्चों का संरक्षक घोषित किया जावे जिससे कि वह अपने बच्चों के हिस्से की भूमि जो ग्राम ओरमा पह0नं0 10 रा0नि0मं0 बालाघाट में स्थित है जिसका ख0नं0 98 / 15 रकबा 0.024 हे0/0.06 डिसमिल / 2587.5 वर्गफिट है को विक्रय कर सके।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में आवेदिका के अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16-06-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का जावेगा।

न्यायाधीश

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0006.... ड - 154.... वर्ष 2026-27
मौजा सेरपार प.ह.न. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम सेरपार तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण आ. दयाराम जाति गोवारी निवासी ग्राम सेरपार तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपनी माँ चुनगा बाई पिता दयाराम की मृत्यु दिनांक 05-07-1968 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत सेरपार में रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत सेरपार में दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 04/6/2026 तक मेरे न्यायलय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0005.... ड - 154.... वर्ष 2026-27
मौजा कनई प.ह.न. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम कनई तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल आ. नन्हेलाल जाति नाई निवासी ग्राम कनई तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता नन्हेलाल पिता दादूलाल की मृत्यु दिनांक 28-12-1994 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत कनई में रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत कनई में दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 02/6/2026 तक मेरे न्यायलय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297


## दिक्क्त पेयजल की.. पाईप लाईन मे प्रेशर नही आने के पीछे टिल्लू पंप होने की अंदेशा मे कडक कार्यवाही के दिये गये निर्देश

### पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के भोपाल प्रवास पर रहने के कारण नपा अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे ने संभाला जनता दरबार का दायित्व..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद के पांचवे सप्ताह के जनता दरबार मे आज नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे सहित पुरी टीम ने जनमानस की मूलभूत सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओ के समाधान के विषय मे मजबूत कदम बडाये।***

विशेषकर आने वाले बरसात के मौसम को देखते हुये विभिन्न वार्डो मे नाली की सफाई सहित स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया। जनता दरबार मे आज सबसे पहले वार्ड 2 वार्ड 9 और वार्ड 12 मे पेयजल की समस्या पर कडे निर्णय लिये गये।

इन वार्डो के निवासीयो ने बताया की पेयजल की पाईप लाईन मे प्रेशर नही आने के कारण पेयजल को लेकर दिक्क्तो का सामना करना पड रहा है।

जिस पर त्वरित मे निर्णय लेकर इस तरह की समस्या के समाधान के लिये नल कनेक्शन मे कही टिल्लू पंप तो नही लगे है इस विषय की जांच के आदेश संबधित विभाग को जारी किये गये। साथ ही इन टिल्लू पंपो को जप्त कर उचित कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये गये।

दूसरी ओर समस्या के समाधान के विषय मे जंहा जंहा पानी की दिक्कत जा रही है। वंहा टेंकरो से पेयजल पहुचाने की पुख्ता व्यवस्था भी बनायी गयी। इसी तरह पारसनगरी के निवासीयो ने रोड और नाली की शिकायत दर्ज करायी।

तत्काल कालोनाईजर को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये गये। आज जनता दरबार मे उत्कर्ष सीटी के लोगो ने नाली सफाई और कचरा सफाई की शिकायत दर्ज कराकर कचरा गाडी नियमित भेजने की मांग भी की।

आज जनता दरबार मे नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के साथ पार्षदगणो मे संदीप मिश्रा,मदन धार्मिक, प्रवीण डोंगरे, धर्मू जोशी, मोनू लिमजे, प्रतिनिधी लोकेश ठाकरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चैहान आदि के साथ अधिकारीयो का अमला उपस्थित भी रहा।

## आरोह - 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का जिला खेल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***विकासखंड परसवाड़ा स्थित छात्रावास ग्राउंड में संचालित आरोह-2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राहुल बारेसा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।***

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक युवा खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े, कबड्डी कोच करण उईके, सत्यम पांडे एवं इंदु ठाकरे उपस्थित रहे।

जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार यह शिविर 1 मई से 30 मई तक लगातार संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस एवं खेल कौशल को बेहतर बना सकते हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिलाड़ी जिला, संभाग, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं तथा खेल कोटे से रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बीपीएड एवं एमपीएड जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा विभाग में करियर बनाने की जानकारी भी दी। साथ ही कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनने में मदद करते हैं।

ब्लॉक युवा खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े ने बताया कि शिविर में अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर सूचना दी गई थी। पंचायत में पत्र भेजने के साथ कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई गई, जिसके बाद लगातार बच्चे प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर कटंगी ब्लॉक समन्वयक संतोष पारधी एवं लालबर्रा-बालाघाट ब्लॉक समन्वयक लव पटेल भी उपस्थित रहे। शिविर में दिशा परते, माही परते, रितु पांचतिलक, शिवानी, माही दुबे, अंजली यादव, प्राची, मंजू, गौरी, पिया, हर्षिता, निकिता, प्रगति, सौरभ, ओम, नैतिक, सुमित, श्रिया, बलदेव, शीतल, जय, परी, अवनी एवं खुशी सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर बैहर में जल बचाने निकली गई अनेक जल यात्राएँ..









**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

माननीय मुख्यमंत्री जी के आव्हान पर पर कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर द्वारा आज गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड में गठित 26 प्रस्फुटन ग्रामों में जल यात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम अन्तर्गत जल स्त्रोत पूजन एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया,

जिसमें ग्राम के स्थानीय तालाब कुंआ नदी का पूजन कर जल कलश में भरकर ग्रामवासियों द्वारा ग्राम के धार्मिक स्थल शिव मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों पर जलाभिषेक किया गया जलाभिषेक जल संवाद का आयोजन कर सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों (जैसे नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों) का संरक्षण, सफाई

और पुनर्जीवन करना है आज गंगा दशहरा जैसे विशेष अवसर पर बड़े पैमाने पर स्वच्छता और वृक्षारोपण के कार्यक्रम किए विकासखंड बैहर में जल यात्रा के कार्यक्रम 26 स्थानो पर आयोजित किए गए इन यात्राओं में परिषद की नवांकुर संस्थाओं में वीर नारायण जन जागरण समीती श्री राम शैक्षणिक एंव समाज कल्याण समीती युग शक्ति महिला मंडल आर्या समाज कल्याण समीती प्रगति ग्राम जन विकास समीती व ग्राम नगर विकास प्रस्फुटन समीतियों का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य इकवंती तेकाम तहसीलदार अनुराग मेरावी विकासखंड समन्वयक महेश पटले वरिष्ठ समाजसेवी जेम्स बारिक परामर्शदाता शिवनाथ यादव सुरेश यादव आकांक्षा तेकाम भंवर सिंह मेरावी संगीता उयके नवांकुर संस्था के श्री कुंदन सिंह मेरावी मंजूलता चौधरी राजेन्द्र बिसेन अमित पाटिल एंव मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता संदीप गजभिए अभय यादव ज्योती कुर्वेती संदीप बिसेन का विशेष योगदान रहा।

## चारधाम यात्रा से वापस लौटे पंडित राजेश पाठक, धार्मिक अनुभव साझा कर कहा - आध्यात्मिक यात्रा से मिलता है आत्मिक बल..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

समाजसेवी एवं जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राजेश पाठक चारधाम यात्रा पूर्ण कर परिवार सहित सकुशल बालाघाट लौट आए हैं। उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा को लेकर समाजजनों, शुभचिंतकों एवं परिचितों में हर्ष का वातावरण देखा गया।

वापसी पर पंडित राजेश पाठक ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए इसे केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बताया।

जानकारी के अनुसार पंडित राजेश पाठक अपने परिवार के साथ हरिद्वार, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ सहित विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा पर रवाना हुए थे। इस दौरान उन्होंने देश की सनातन संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं को निकट से अनुभव किया। यात्रा के दौरान प्रमुख तीर्थ स्थलों पर पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज, जिले और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

पंडित राजेश पाठक लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष के रूप में वे सामाजिक एकता, धार्मिक जागरूकता तथा समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों में निरंतर सहभागिता निभाते हैं। ऐसे में उनकी चारधाम यात्रा को भी आध्यात्मिक चेतना और समाज कल्याण की भावना से जोड़कर देखा जा रहा है। यात्रा के अनुभव साझा करते हुए पंडित राजेश पाठक ने बताया कि सबसे पहले वे हरिद्वार पहुंचे, जहां मां गंगा के पावन तट पर पूजा-अर्चना कर गंगा आरती में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार का आध्यात्मिक वातावरण व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है। इसके पश्चात परिवार सहित काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर विशेष पूजन किया गया। काशी की धार्मिक गरिमा और सनातन परंपराओं ने उन्हें अत्यंत प्रभावित किया।

उन्होंने बताया कि यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव केदारनाथ धाम रहा, जहां बाबा केदार के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली, जनकल्याण और समाज में सुख-शांति की कामना की गई। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था प्रेरणादायी प्रतीत हुई। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, विश्वास और परंपराओं को समझने का एक अद्भुत अवसर भी है।

पंडित राजेश पाठक ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और व्यस्त जीवन में व्यक्ति को समय-समय पर आध्यात्मिक यात्राएं अवश्य करनी चाहिए। इससे मानसिक शांति प्राप्त होती है और जीवन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ईश्वर के चरणों में पहुंचता है, तब उसके भीतर सकारात्मक सोच, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा मनुष्य को सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश देती है।

यात्रा से लौटने पर परिवार के सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए इसे ईश्वर की विशेष कृपा बताया। परिवारजनों ने कहा कि यात्रा के दौरान सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर दर्शन एवं पूजन कर आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई। साथ ही यह अवसर भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को और अधिक निकटता से समझने का माध्यम भी बना।

समाज के लोगों एवं शुभचिंतकों ने पंडित राजेश पाठक के सकुशल लौटने पर उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी उनके सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। पंडित राजेश पाठक ने कहा कि वे आगे भी समाजहित और धार्मिक जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

## गंगा दशहरा पर कोपलीखापा सेक्टर में जल संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**अजय रजक जगप्रेरणा गढ़ी।**

माननीय मुख्यमंत्री जी के आव्हान एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीणा जी के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ अंतर्गत कोपलीखापा सेक्टर में जल संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जल स्रोत पूजन, जल संवाद एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जल के दुरुपयोग को रोकने तथा वर्षा जल संचयन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही जल संकट से बचाव एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक श्री संजय उइके जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती भगवती सैयाम जी, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती मंगवंती सोनी, सरपंच श्री काशी धुर्वे, उपसरपंच श्रीमती समोतिन यादव, सचिव पुसु सैयाम , रोजगार सहायक महेश कुशरे , जनपद का समस्त स्टाफ एवं ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रौशनी मेरावी एवं समस्त स्टाफ तथा कोपलीखापा सेक्टर अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अमित पाटिल भी उपस्थित रहे।

साथ ही मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर जिला बालाघाट के विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले जी द्वारा जल संरक्षण एवं जन संवर्धन हेतु विभिन्न उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को जल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के दुरुपयोग को रोकने का सामूहिक संकल्प लिया। गांवों में जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया तथा सभी से जल बचाने का आह्वान किया।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

## लांजी - किरनापुर विधानसभा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक संपन्न

### कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का मंत्र..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता और आगामी अभियानों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक***

का आयोजन पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हिना लिखीराम कावरे के निवास पर विधानसभा प्रभारी देवेंद्र ठाकुर की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।





### बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर..

बैठक के दौरान संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों और बूथों की जमीनी हकीकत की समीक्षा की। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता और मजबूत बूथ होते हैं। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

### आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा..

बैठक में आगामी समय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा साझा की गई। इसके साथ ही पिछले कमियों को दूर करने और बेहतर समन्वय के साथ काम करने का संकल्प लिया गया।

### नेताओं ने किया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों और क्षेत्रीय प्रभारियों ने कहाः विधानसभा में संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को पूरी ऊर्जा के साथ जुटना होगा। आपसी समन्वय और कड़ी मेहनत के बल पर ही हम हर मोर्चे पर सफलता हासिल करेंगे। इस समीक्षा बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पट्टा नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, राजस्व निरीक्षक के खिलाफ लगाए नारे

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 14 और 15 में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित परिवारों की पीड़ा को लेकर एक दिन पूर्व प्रकाशित खबर का असर सोमवार को खुलकर***







दिखाई दिया। दो वर्षों से धारणाधिकार पट्टों की बाट जोह रहे रहवासियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया और बड़ी संख्या में वार्डवासी जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक निवास पहुंच गए। अपने हक़ की ज़मीन पर अधिकार पत्र न मिलने से नाराज़ लोगों ने विधायक के समक्ष ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई, वहीं राजस्व विभाग के कर्मचारी के विरूद्ध नारे बाजी करते नजर आये। नगर के विभिन्न वार्डो से पहुंचे लोगों ने विधायक राजकुमार कर्राहे से कहा कि वर्ष 2024 में शासन के नियमानुसार धारणाधिकार पट्टों के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इसके बाद तहसील कार्यालय, राजस्व विभाग और एसडीएम कार्यालय के कई चक्कर लगाए गए, बैठकों में आश्वासन भी मिले, मगर फाइलें आज भी सरकारी दफ्तरों की अलमारियों में कैद हैं या यू कहे की सरकार टेबलों और अलमारियों की शोभा बढा रहे है।

### पट्टा नहीं होने से पीएम आवास योजना से वंचित..

वार्डवासियों का कहना था कि दो वर्षों से वे सिर्फ तारीखें और भरोसे सुन रहे हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। रहवासियों ने अपनी बेबसी बयान करते हुए कहा कि पट्टा नहीं होने के कारण वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। कई परिवार आज भी जर्जर और कच्चे मकानों में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। लोगों का दर्द इस बात को लेकर भी था कि शासन गरीबों के लिए योजनाओं का ऐलान तो करता है, लेकिन ज़मीनी अमला यदि संवेदनहीन हो जाए तो योजनाएं सिर्फ कागज़ों की शोभा बनकर रह जाती हैं।

वार्डवासियों ने कहा जब सरकार गरीबों को पक्की छत, ज़मीन पर अधिकार और सम्मानजनक जीवन देने की बात करती है, तब दो वर्षों तक धारणाधिकार पट्टों की फाइलों का अटक जाना राजस्व निरीक्षक और राजस्व कार्यालय में बैठे कर्मचारी के कार्य करने की शैली पर कई सवाल खड़े करता है। आखिर कब तक गरीब परिवार दफ्तरों की चौखटों पर भटकते रहेंगे ?

### गरीबों को योजनाओं से वंचित रखना बर्दाश्त नहीं- राजकुमार कर्राहे..

इस मामले में विधायक राजकुमार कर्राहे ने वार्डवासियों की समस्या गंभीरता से सुनी और मौके पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलचंद सिंहसार से फोन पर चर्चा की। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि यदि गरीब परिवार सिर्फविभागीय लापरवाही के कारण अपने अधिकार और योजनाओं से वंचित हो रहे हैं, तो यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने राजस्व निरीक्षक द्वारा समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए दो दिनों के भीतर पूरी कार्यवाही कर जानकारी देने के निर्देश दिए।

विधायक ने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और किसी अधिकारी-कर्मचारी की उदासीनता के कारण पात्र हितग्राहियों को परेशान होना पड़े, यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समयसीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर बालाघाट से की जाएगी। विधायक के हस्तक्षेप के कुछ ही समय बाद एसडीएम कमलचंद सिंहसार स्वयं विधायक निवास पहुंचे और वार्डवासियों की समस्या पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

### दो साल से सिर्फ मिल रहे आश्वासन, अब विधायक से उम्मीद- संदीप रामटेक्कर..

वहीं इस मामले में नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने मीडिया से से चर्चा के दौरान कहा कि नगर के गरीब परिवार दो वर्षों से धारणाधिकार पट्टे की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन राजस्व विभाग की सुस्ती ने लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व निरीक्षक भूपेंद्र अहिरवार द्वारा समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण पूरा मामला अटका हुआ है और पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना के लाभ से महरूम हैं। उन्होंने कहा कि वार्डवासी अब थक चुके हैं।

कई बार अधिकारियों के सामने समस्या रखी गई, मगर हर बार सिर्फ आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया। उन्होने कहा कि विधायक राजकुमार कर्राहे ने दो दिनों में कार्रवाई का भरोसा दिलाया है और उन्हें उम्मीद है कि अब गरीबों के साथ न्याय होगा। श्री रामटेक्कर ने यह भी कहा कि यदि दो-तीन दिनों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सभी वार्डवासियों के साथ कलेक्टर कार्यालय बालाघाट पहुंचकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।


### ज्ञापन सौंपने के दौरान इनकी रही मौजूदगी..

विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों में लांजी नगर के विभिन्न वार्डो के वार्डवासी जिनमें सुखराम, विजय खानोरकर, राजकुमार चौहान, उमा श्रीवास, घनश्याम, संजय, राजेंद्र अस्तने, उदाराम नारनौरे, सीमा सोनवाने, छबीलाबाई गोटाफोड़े, सुनीता जामूरे, उमेश्वरी, कुंतीबाई, यमुनाबाई, सबुरीबाई, कौशिला बाई, सेवकराम वाकड़े, फूलवंती सिरसाम, सावत सिरसाम, रामलाल सिरसाम एवं इनके साथ नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, पार्षद दिनेश कचवाहे वार्ड 14, किशोर रामटेक्कर वार्ड क्रमांक 9, संजय सैयाम वार्ड क्रमांक 1 एवं कस्तूरा वाकड़े वार्ड क्रमांक 15 सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## महंगे दाम पर रेत खरीदने आम वर्ग मजबूर, कालाबाजारी कर ऊँचे दाम में बेच रहे रेत माफिया

जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट जिले में वैद्य रेत नही मिलने के चलते अब रेत माफियाओं की जमकर चांदी हो गई है। जिले के लांजी तहसील जो कि महाराष्ट्र राज्य से***



लगी हुई है और लांजी क्षेत्र के अनेको ग्रामो में रोजाना डंपरो से रेत की सप्लाई प्रारंभ है। दिन हो या रात रेत माफिया बेखौफ होकर क्षेत्र के अनेको ग्रामो में रेत की सप्लाई कर रहे है। अब यह रेत का कारोबार किसके संरक्षण में फल फुल रहा है यह जांच का विषय है लेकिन आमगांव मार्ग पर महाराष्ट्र के आमगांव की ओर से रोजाना रात या दिन में डंपरो से रेत आ रही है। कुछ रेत के डंपर तो वन विभाग का जांच नाका भी पार कर रहे है लेकिन यहां भी रेत के डंपरो की जांच नही हो रही है वहीं अधिकांश डंपर जांच नाका के पूर्व बहेला क्षेत्र के अनेको ग्रामों में जाते देखे जा सकते है। और उसी क्षेत्र से दुसरे ग्रामों में भी रेत की सप्लाई जोरों पर चल रही है।

### महंगे दामों में रेत खरीदने को मजबूर जनता..

महाराष्ट्र से रेत का अवैध कारोबार फल फुल रहा है तो इससे यह तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान में अनेको निर्माण कार्य चल रहे है जिसमें शासकीय पुल पुलियाओं से लेकर लोग अपने निवास का निर्माण कर रहे है। जिसमें रेत कर महत्ती आवश्यकता है और काम रूकना नही चाहिये इसलिये जनता हो या ठेकेदार किसी भी तरह रेत उपलब्धता कर निर्माण कार्य करना चाहती है इसलिये मजबूरन महंगे दामों में रेत खरीदना पड़ रहा है। सूत्रो के हवाले से खबरे प्राप्त हुई है कि एक डंपर हजारों रूपये में अपने गंतव्य तक पंहुचता है। जिससे निर्माण कार्य करने वालों को 4 गुना अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। यदि शासन प्रशासन क्षेत्र के रेत घाट वैध रूप से प्रारंभ कर दे तो निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता को इस महंगाई के दौर में दोगुना चार गुना आर्थिक बोझ नही झेलना पड़ेगा।

### क्षेत्र के अनेको ग्रामीणो ने रोके काम..

रेत की उपलब्धता नही होने के चलते क्षेत्र के अनेको गरीब ग्रामीण जनों ने अपने अपने काम रोक दिये है। क्यों कि वे डंपरो से रेत तो खरीद ही नही पायेंगे तथा चोरी छुपे जो ट्रैक्टरों से रेत की सप्लाई हो रही उसके भी दाम अच्छे खासे बढे हुये है ऐसा ग्रामीण जनो का कहना है। इसलिये गरीब परिवारों ने वर्तमान में अपने सभी निर्माण कार्य रोक दिये है।

ग्रामीण जनो ने शासन प्रशासन से कहा कि रेत की कालाबाजारी को तत्काल प्रतिबंध लगाया जाये और वैध रूप से रेत का संचालन किये जाने हेतु रेत घाट प्रारंभ किया जाये। सरकार इस महंगाई के दौर में दोहरी मार ना मारे।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविर हुआ आयोजित..

### अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***तहसील अंतर्गत ग्राम सेवती में 26 मई 2026 को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया।***





शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी, प्रभारी तहसीलदार सुश्री बबीता सूर्या, उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जनसुनवाई शिविर में पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। एसडीएम श्री तिवारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसाधारण की समस्याओं का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसुनवाई शिविर के दौरान सेवती सर्किल के कोटवारों की बैठक भी आयोजित की गई। अधिकारियों द्वारा कोटवारों को शासन के कार्यों का प्रभावी ढंग से संपादन करने के निर्देश दिए गए तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इसके अलावा माध्यमिक शाला सेवती में आ रही विभिन्न समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष रखा गया। विद्यालय से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव स्तर पर आयोजित जनसुनवाई शिविर की सराहना करते हुए इसे समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बताया।

## बड़गांव कोबरा 208 वाहिनी द्वारा फिट इंडिया के तहत भव्य साइकिल रैली का हुआ आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

7 बटालियन के. रि. प. बल 208 कोबरा बड़गांव द्वारा नागरिकों में स्वास्थ्य, संरक्षण एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने फिट इंडिया गतिविधि 75 वीं एडिशन ऑफसंडेस समारोह के अंतर्गत साइकिल रैली का किया गया आयोजन **CRPF** (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) द्वारा समय-समय पर देश के विभिन्न हिस्सों में साइकिल रैलियों का आयोजन किया जाता है। इन रैलियों का मुख्य उद्देश्य 'फिट इंडिया' **(Fit India)** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान को बढ़ावा देना पर्यावरण संरक्षण, और राष्ट्रीय एकता के प्रति नागरिकों में जागरूकता फैलाना होता हैं इसी क्रम में 7 बटालियन के. रि. पू. ब. 208 कोबरा बड़गांव द्वारा 24 मई रविवार को 6 बजे



208 कोबरा परिसर से प्रस्थान कर बडगांव से होते हुए किरनापुर तक वापसी 208 कोबरा बटालियन परिसर में पहुंची। साइकिल रैली का आयोजन तनवीर जमाल, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में किया गया।

इस भव्य रैली में 7 बटालियन के अजय पटियाल उप कमांडेंट, एवं अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया।

## ग्राम पंचायत टेमनी में विकासखंड स्तरीय जलगंगा संवर्द्धन अभियान सम्पन्न..

### गंगा दशमी पर्व पर निकली भव्य गंगा कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमनी में जनपद स्तरीय गंगा दशमी पर्व के अवसर पर विकासखंड स्तरीय 'जलगंगा संवर्द्धन अभियान' का भव्य आयोजन किया गया।***







यह कार्यक्रम योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्द्धन एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत जल स्त्रोतों के पूजन एवं साफ-सफाई अभियान से हुई। ग्राम पंचायत क्षेत्र के उद्‌गम कुंओं, हैंडपंपों, बावड़ियों, तालाबों एवं पेयजल स्त्रोतों की विधिवत साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान 'जल ही जीवन है' एवं 'जल बचाओ-भविष्य बचाओ' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि आज जल स्त्रोतों को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित जल संरक्षण योजनाएं समाज एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन योजनाओं को जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को जल बचाने की जिम्मेदारी समझनी होगी। अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। पेड़-पौधे जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सभी लोग अपने घरों एवं गांवों में पौधारोपण करें तथा उनकी देखरेख भी करें। विधायक ने ग्रामीणों से पारंपरिक जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने एवं जल के दुरुपयोग को रोकने की अपील की।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा कि जलगंगा संवर्द्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से गांव के तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई करने एवं जल संचयन को बढ़ावा देने की बात कही।

इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष अमृत मेश्राम, सरपंच सुनीता लक्ष्मण कावरे, जनपद पंचायत लांजी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघाई, टी.के. परते एसडीओ, पंचायत इंस्पेक्टर लेखराज रामटेक्कर, जितेंद्र सेवाइवार, महेश मात्रे, लक्ष्मण कावरे सहित पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्द्धन के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया तथा ग्राम स्तर पर जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## इक्कीसवीं सदी के युद्धों की कहानी, मुहावरों की जुबानी

वर्तमान सदी में युद्ध अब 'इतिहास की किताबों' से निकलकर हमारे 'ड्राइंग रूम के विमर्श' तक पहुँच गए हैं। इस दौर में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका मोहल्ले के उस लाचार बुजुर्ग जैसी हो गई है, जो दो गुटों को लड़ते देख बरामदे से चिल्लाता तो है ÷बेटा, प्रेम से रहो,आपस में नहीं लड़ते÷ और फिर अंदर जाकर बड़े चाव से न्यूज चैनल पर उसी लड़ाई का 'एक्शन रिप्ले' देखता है। फर्क बस इतना है कि अब 'घोड़े' नहीं 'ड्रोन' हिनहिनाते हैं और 'तलवारों' की जगह 'मिसाइलों' ने ले ली है। आज रणक्षेत्र सिर्फ सीमाएँ नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के 'कमेंट बॉक्स' भी बन चुके हैं। सच तो यह है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति समझने के लिए किसी राजनीति विज्ञान या फोरन स्टेडीज़ में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि हिंदी के मुहावरों की जरूरत है।

ईरान, अमेरिका और इजरायल का संघर्ष अब ÷शह और मात का खेल÷ कम और ÷बंदरबाँट÷ ज्यादा लगने लगा है। ईरान ÷आँखें तरेरकर÷ बात कर रहा है, तो इजरायल ÷ईंट का जवाब पत्थर (और मिसाइल) से÷ देने की कसम खा चुका है। अमेरिका यहाँ उस चतुर ज्ञानी की भूमिका में है,जो एक तरफ शांति का सफेद झंडा दिखाता है और दूसरे हाथ से ÷आग में घी डालने÷ का काम करता है; कभी-कभी तो घी की मात्रा इतनी होती है कि खुद अमेरिका के हाथ झुलसने लगते हैं।इस बीच जैसे ही ईरान या अमेरिका के किसी नेता का बयान आता है, तेल की कीमतें ऐसे उछलती हैं मानो उन्हें 'पंख लग गए' हों, और वैश्विक बाजार को ÷साँप सूँघ जाता है÷। ईरान के पड़ोसी देश कुवैत, यूएई और कतर फिलहाल ÷दूर के ढोल सुहावने÷ वाली स्थिति में हैं; वे सीधे युद्ध में तो नहीं हैं, फिर भी ईरानी मिसाइलों की मार झेल रहे हैं। अमेरिका से दोस्ती का दंश झेल रहे हैं,÷गेहूँ के साथ घुन की तरह पिस÷ रहे हैं। ऐसा लग रहा है पूरा क्षेत्र ÷बारूद के ढेर÷ पर बैठा है और हर कोई माचिस जेब में लेकर घूम रहा है।

रूस और यूक्रेन का युद्ध अब राष्ट्रहित से ज्यादा ÷नाक का सवाल÷ बन चुका है। पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों की 'वैशाखियाँ' थमाकर ÷साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे÷ वाली रणनीति अपना रहे हैं। लेकिन इस ÷दो पाटों की चक्की÷ में मानवता का जो चूरा हो रहा है, पर्यावरण का जो नुक्सान हो रहा है उसका जबाब किसी के पास नहीं है और न ही कोई खोजना चाहता है। जिनके पास कभी आलीशान घर थे, वे आज ÷दाने-दाने को मोहताज÷ होकर शरणार्थी शिविरों में 'किस्मत को रो रहे' हैं। बेकसूर महिलाओं की ÷मांग सुनी÷ हो रही है, बच्चे अनाथ हो रहे हैं और मानवता करहा रही है। ऐसे में भी औदुनिया के बड़े हथियार सौदागर शांति के प्रवचन ऐसे देते हैं जैसे ÷सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली÷ हो। इनका चरित्र ÷हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और÷ वाला है,मुँह से शांति मंत्र का जाप, और बगल में हथियारों का झोला।

उधर हमास, लेबनान और इजरायल के बीच तो ÷चिंगारी से जंगल में आग÷ लग चुकी है। यहाँ शांति वार्ता की मेज जैसे सजती है वैसे ही ÷सिर मुंडाते ही ओले पड़ जाते हैं÷,यानी बातचीत शुरू होने से पहले ही रॉकेट गिर जाते हैं। यहाँ हर कोई ÷खून का बदला खून÷ की भाषा बोल रहा है। वैश्विक नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'घड़ियाली आँसू' बहाते हैं और पीछे के दरवाजे से हथियार कंपनियों के टेंडर साइन करते हैं। युद्ध अब त्रासदी नहीं, बल्कि ÷कमाऊ पूत÷ (आर्थिक उद्योग) बन गया है।

भारत और पाकिस्तान के संबंध उस पुराने पारिवारिक विवाद की तरह हैं, जहाँ वसीयत में सिर्फ नफरत ही साझा की जाती है। सीमा पर जब तनाव होता है, तो टीवी एंकर्स ऐसे दहाड़ते हैं मानो ÷थोथा चना बाजे घना÷। पाकिस्तान हर बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर ÷मुँह की खाने÷ के बाद भी ÷नौ सौ जूते खाए तमाशा घुस के देखे÷ वाली स्थिति में रहता है। आतंकवाद की हर घटना के बाद वह ÷बगल में छुरी, मुँह में राम-राम÷ जपता है, जबकि भारत अब ÷घर में घुसकर मारने÷ की नीति से उसे ÷दिन में तारे÷ दिखा रहा है।

इन सबके बीच सबसे दयनीय स्थिति उस 'आम आदमी' की है, जो न तो मिसाइल पहचानता है न कूटनीति। वह तो बस महंगाई की मार से ÷अधमरा÷ हो रहा है, जैसे-तैसे तन को ढकने के लिए कपड़ा और दो वक्त की रोटी की जुगाड़ में लगा हुआ है। युद्ध के दौरान नेता सुरक्षित बंकरों में बैठकर ÷खयाली पुलाव÷ पकाते हैं और मासूम बच्चे ÷मौत के मुँह÷ में धकेले जाते हैं। सच ही कहा गया है ÷जब दो हाथी लड़ते हैं, तो घास ही कुचली जाती है।÷

विडंबना देखिए, युद्ध के वातावरण में भी अशांति फैलाने वाले ही आज 'शांति का नोबेल' ढूँढ रहे हैं। कूटनीति के नाम पर धमकियाँ और सुरक्षा के नाम पर बमबारी हो रही है। इस पूरी वैश्विक नौटंकी को देखकर बस एक ही मुहावरा याद आता है ÷विनाशकाले विपरीत बुद्धि÷। जब अंत निकट हो, तो अक्ल पर पत्थर पड़ना स्वाभाविक ही है।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## धैर्य..

धैर्य बिन सब है नीरस,
यही है मन का धीरज।
धैर्य बिन नहीं है तृप्ति,
भले ही हो जाए सब प्राप्ति।।

सफल भी असफल हुए बिन धैर्य,
शांति पाना ही है इसका श्रेय।
सरस,सरल, माधुर्य चित्त,
यही है जीवन का हित।।

कितने जीवन ऐसे हैं,
सफल हैं फिर भी कैसे हैं।
नहीं है शांति जीवन में,
सोच रहें क्यों ऐसे हैं।।

सफलता के पीछे भाग रहे सब,
क्या हैं सफल,कभी सोचे हैं।
सब कुछ होना ही
सफल जीवन नहीं,
शांति से ही जीवन सार्थक, सही।।

कर्म करते रहना हैं हमें,
चाहे गति धीमी ही सही।
खरगोश, कछुए
की कहानी में,
सीख दी गई है यही।।

कवियत्री



**श्रीमती ऋचा देशमुख**

## अबसकें..

चलौ अवधपुर अबसकें, पावन तीरथ धाम।
जाँ सरजूमैया बहत, ब्राजे राजाराम।।

डूब रई है नाव प्रभु, फसी बीच मझधार।
पार लगालो अबसकें, विनती सौ सौ वार।।

बच्चा पडबें अबसकें, करन दियौ ना चूक।
पछतैहैं चिडिया उडें, सत्य कहूँ दो टूक।।

करौ किसानी अबसकें, घर में आबै नाज।
दाम टका सोऊ मिलें, होबें मंगल काज।।

लिखबें कविता अबसकें, रुच -रुच छन्द बनाय।
डार पटल पै हदय सें, नन्द रहे हरसाय।।

**रामानन्द पाठक नन्द**

## झालमुड़ी-मेलोडी-तिलचट्टा

कब कौन-सा शब्द या नाम
चढ़ जायेगा लोगों की जुबान।
ये तो बड़े बड़े भाषाविद भी
नहीं समझ पाते हैं जनाब।

बंगाल चुनाव में आया झालमुड़ी
जिसने कईयों की की खटिया खड़ी।
उसके बाद पीएम के इटली दौरे में
बहुत प्रसिद्धि पाया शब्द मेलोडी।

इन दोनो से भी ज्यादा प्रसिद्ध हुआ
सीजेआई द्वारा प्रयुक्त शब्द तिलचट्टा।
जिसने बना ली तिलचट्टा जनता पार्टी
जिसने सरकार का भी बिठा दिया भट्टा।

ये तीनों शब्द आज तक कभी भी
इतने जाने माने प्रसिद्ध नहीं हुये।
लेकिन बड़े लोगों का साथ पाकर
उनके प्रसिद्धि के सपने साकार हुये।

बड़े लोगों की संगत होती है प्रसिद्ध
होने की पहली अत्यावश्यक सिढ़ी।
उनके मुख से नाम उच्चारण भी
बना सकता है आपकी किस्मत बिगड़ी।

लेखक



**चिरंजीव बिसेन गोंदिया**

## चमचे..

दरबार में हमारे
कभी चर्चे नहीं रहे।
इसलिए कि हम
किसी के चमचे नहीं रहे।
कम कहा, थोड़ा किया,
किया तो कुछ मगर
कुर्सियों पर बैठे महज
कहते नहीं रहे।
गीत गाए जिन्दगी के
आम आदमी के लिए
किसी किताब में छपे,
किस्से नहीं रहे।
सच है अड़े रहे हम,
अपने उसूल पर
बार- बार बोल अपने,
बदलते नहीं रहे।

उसको भी दिया रास्ता,
कांटे जिसने बिछाए
मकड़जाल में किसी को
जकड़ने नहीं रहे।
मरजी से जिये अपनी,
मरजी से मरेंगे
भेड़ों के झुण्ड में कभी
चलते नहीं रहे।
होगी नहीं आहें अगर
मिलेगी नहीं दुआ
दुनिया में दोस्तों हम
अगरचे नहीं रहे।


**कमलेश तिवारी, गोंदिया**

## अंत हो रहा..?

मानव तो जीवित हैं जग में
मानवता का अंत हो रहा।
परिवर्तन
कैसा परिवर्तन
दिग- दिगन्त हो रहा।
सूख जाते
आंखों में आंसू
नहीं पोंछने वाला कोई।
नहीं पूछता कोई किसीसे
क्यों तेरी आंखे हैं रोई।
लगता है अब ऐसे
जैसे इस कलयुग का
अंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् दिगन्त हो रहा।।
मानव आज
स्वयं मानव का
क्यों जाने
दुश्मन बन बैठा
हाड़ मास भी
नहीं बचेगा
फिर भी रहता
ऐंठा- ऐंठा।
घर का भेदी
लंका ढाए
भाई भी, विषदंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् दिगन्त हो रहा।।
दुख अब होता
नहीं किसी का
दुख में केवल
अपनापन है।
सुख में चिंता
नहीं किसी की
भौतिक, दैहिक
पागलपन है।
हर द्वारे पर
विनाश की दस्तक
और विकास
अनंत हो रहा।
कैसा परिवर्तन
दिग् - दिगन्त हो रहा।।

**शशि तिवारी**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 175



ck;s ls nk;s :— 1) भूदान आंदोलन के प्रवर्तक, जिनका महाराष्ट्र के वर्धा जिले में आश्रम है 7) उदास, खिन्न 10) सफल 13) बाजू, दल, पंख 15) नियंत्रण 16) नासिका 17) घिसना 18) धून का पक्का, किसी काम को पूरा करने में जी जान से लगनेवाला 20) योग्यता 22) दासी 24) भोज 25) पश्चिम बंगाल का एक शहर या जिला मुख्यालय 27) नरक की पीड़ा को दिया गया नाम 29) तरंग 31) दक्षिण भारत के एक चर्चित अभिनेता, जिन्होने कुछ हिन्दी फिल्मों में अदाकारी की थी 33) पति 35) जंगल में रहना 37) जवाहिर, नगीना, रतन 38) रहित 39) एक प्रसिद्ध कांटेदार पेड़, एक टूथपेस्ट उत्पादन का नाम 40) सांस 41) न्यून, अल्प 42) दया 43) अल्पवयस्क 45) किसी चीज को पाने का इच्छूक 47) बरसात 48) मूल्य 49) श्री लंका का एक प्रमुख शहर 51) किसी वस्तु का नीचे का भाग 52) एक श्रीराम पुत्र 53) संयुक्त अरब का एक शहर जो एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के कारण प्रसिद्ध हो गया था 54) लोग 55) छोटोंद्वारा अपनी हैसियत से बढ़कर बाते करना, आशयवाला 58) खड्ग 60) कष्ट 62) स्वाद 63) चेष्टा, गतिविधी 64) महीना 66) एक सांस रोग 67) 'प्राण' का अपभ्रंश रुप 69) उड़ीसा का एक प्रमुख शहर 70) जहन्नुम 72) कागज या लकड़ी को लगनेवाला कीड़ा 73) सीमा 75) सुंदर 77) सारिका पक्षी, मैना 79) प्रकार, ढंग 80) जनानखाना 82) टेबल 83) इच्छा 84) 'मनुस्मृति के रचयिता 85) गूंगा 86) किरण 87) वर्तमान दिन 88) जलन 89) आकाश 90) जरुरतमंद 92) विदा होते समय कहा जानेवाला शब्द 94) बिजली 95) बार, दफा 97) चिक, बुरका 98) आदर 99) पुरी जिम्मेदारी 101) मुसलमान राजाओं की एक उपाधि 102) कदर करनेवाला 103) एक प्रसिद्ध पुरानी चरित्र अभिनेत्री 105) विशेष 106) विक्री आदि का एक ढंग जिसमे माल सबसे ऊंचा बोल बोलनेवाले खरीददार के हाथ बेच दिया जाता है 107) गाना 108) जहां मुर्दे गाड़े जाते है वह स्थान

Åij ls uhps& 1) बाहर से आनेवाली और बाहर जानेवाली (डाक आदि) 2) शीरा 3) को छोड़कर, रहित 4) नुकीला 5) भारत सरकारद्वारा दिया जानेवाला सर्वोच्च सम्मान 6) गति, चाल 7) कनिष्ठा और मध्यमा के बीच की उंगली, जया भादुड़ी (बच्चन) की एक पुरानी फिल्म 8) मसलना 9) संत्राा नगरी के नाम से प्रसिद्ध महाराष्ट्र की उप राजधानी 10) बनारस का एक और नाम 11) दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पर्वत 12) उत्तर प्रदेश का वह शहर जहां से भूतपूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर लोकसभा के लिये चुनकर आते थे 13) परिपक्व होना 14) घायल, फोड़ा 19) दयालू 21) पीड़ा 23) सौंदर्य (उर्दू) 26) बिना दांतवाला 28) लाचार 30) एक पुराने प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार 32) एक रत्न 34) अपने आप, व्यर्थही 36) लवणयुक्त, सुंदर 37) मुसलमानों का वह महीना जिसमें वो रोजा रखते है 39) विद्रोह 40) श्रेणी 43) एक देश जिसकी राजधानी ओटावा है 44) शीश 45) पैर के नीचे का भाग 46) ताकत 47) हिम 50) विवाह के पहले होनेवाली टीके की रस्म 51) एक पुराने फिल्मी गजल गायक, जिनका 'जलते है जिसके लिये' यह गीत प्रसिद्ध है 53) कश्मीर का एक प्रसिद्ध बाग, धर्मेन्द्र और जीनत अमान की एक फिल्म 54) भारतीय जनता पार्टी का पूर्ववर्ती नाम 56) हाट 57) व्यर्थ 58) भाग्य 59) लक्ष्मी 61) शरीर की ऊंचाई 62) धोखा देने के लिये जाली काम करनेवाला 65) सहिष्णु 67) जीवधारी 68) सेंधमारी 71) लिप्त 74) औषधी 76) शहद 78) प्रवीण 79) पुत्र 81) नायक 82) कृपा 83) सपना 84) पुरुषार्थ 87) फिल्म 'तारें जमीं पर' और 'रंग दे बसंती के हीरो 88) आंचल 89) मां 90) मिट्टी, धूल 91) कल्याण, सप्ताह के एक दिन का नाम 92) जो पढ़ना लिखना न जानता हो 93) फाड़नेवाला 94) पिता के पिता 96) एक चर्मवाद्य 97) परीक्षा 98) जननी 100) एक किस्म की दारु 104) लीन (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# सिंधू सिंगापुर ओपन में जीतीं, सात्विक-चिराग भी आगे बढ़े..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं।*



तीस साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने 10 लाख डॉलर इनामी इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई।

दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी हालांकि 65 मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 21-11, 14-21, 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

युवा उन्नति हुड्डा भी महिला एकल में पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन और आठवीं वरीयता प्राप्त टोमोका मियाजाकी के हाथों 14-21, 10-21 से हारकर टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं। महिला युगल में भारत की कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी भी 48 मिनट में पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिग्ज की स्पेन की जोड़ी से 21-18, 13-21, 5-21 से हारकर बाहर हो गईं।

अश्विनी भट के और शिखा गौतम भी चांग चिंग हुई और यांग चिंग टुन की चीनी ताइपे की जोड़ी से 16-21, 11-21 से हार गईं।

जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी ने पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन को 21-15, 21-13 से हराया जबकि मिश्रित युगल जोड़ी में रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले दौर के मुकाबले में यांग पो हान और हू लिंग फांग की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ18-21, 20-22 से हार गईं। यह सिंधू के लिए मनोबल बढ़ाने वाली जीत थी जो पिछले साल विश्व चैंपियनशिप और सुदीरमन कप में इस इंडोनेशियाई खिलाड़ी से दो बार हार चुकी थीं।

मंगलवार को दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की लेकिन वरदानी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधू ने जोरदार पलटवार करते हुए आखिरी सात में से छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सिंधू ने 13-11 की बढ़त बनाई लेकिन वरदानी ने एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखा मुकाबला जीत लिया। लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़ बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप से पूर्व मांडविया ने कहा, ओलंपिक में शामिल करने की कोशिश जारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के लिए जोर दिया जाएगा।*




यह खेल चार से आठ जून तक अहमदाबाद में पहली विश्व चैंपियनशिप के साथ विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। इस विश्व चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 529 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिनमें से 114 भारतीय योगासन खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय टीम का चयन ट्रायल के बाद किया गया था और अभी वह अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है।

मांडविया ने यहां विश्व योगासान चैंपियनशिप की शुरुआत के मौके पर एक कार्यक्रम में कहा, 'योगासन 2030 में अहमदाबाद में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में पारंपरिक खेलों में से एक होगा... हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी कर रहे हैं और जब ऐसा होगा तो हमारा खेल भी उस सूची में होना चाहिए। भारत सरकार और राष्ट्रीय महासंघ (योगासन भारत) दोनों ही यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उस समय तक योग एक ओलंपिक खेल बन जाए।'

खेल मंत्री ने कहा, 'प्रक्रिया यह है कि एक अंतरराष्ट्रीय महासंघ बनने के लिए आपके पास 75 देशों के हस्ताक्षरकर्ता होने चाहिए जिसके बाद किसी खेल को ओलंपिक में शामिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से अपील की जा सकती है।' विश्व योगासन के उपाध्यक्ष उदित सेठ ने भी इस विचार का समर्थन किया। सेठ ने कहा, 'हमारा लक्ष्य इसे 2032 के ओलंपिक में एक प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल करवाना है और फिर 2036 में इसे पदक स्पर्धा बनाना है, चाहे ये खेल अहमदाबाद में हों या कहीं और।' विश्व चैंपियनशिप के लिए 529 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इस चैंपियनशिप में छह आयु वर्गों के लिए 12 स्पर्धाएं होंगी जिनमें 10 वर्ष की आयु से लेकर 55 वर्ष तक के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल होंगे।

एशियाई क्षेत्र से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीम प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगी। विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा कि प्रतिभागियों की संख्या और भी अधिक हो सकती थी लेकिन खाड़ी क्षेत्र में चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण कुछ देशों को अपना नाम वापस लेना पड़ा।

आर्य ने कहा, 'युद्ध के कारण तीन-चार देशों को अपना नाम वापस लेना पड़ा लेकिन कुल मिलाकर भागीदारी काफी अच्छी है। भारत के बाद नेपाल और श्रीलंका के सबसे बड़े दल हैं लेकिन हमारे पास नीदरलैंड, ओमान, जापान, कीनिया और मॉरीशस जैसे देशों से भी भागीदारी है।' उन्होंने कहा, 'योग एक स्वास्थ्य तकनीक है लेकिन योगासन एक शारीरिक मुद्रा है जिसका मूल्यांकन किया जा सकता है। हमने प्रतियोगिता को कलात्मक और लयबद्ध श्रेणियों में विभाजित किया है और खेल के मैदान के चारों ओर मौजूद नौ जज अंक प्रदान करेंगे।' आसन करते समय खिलाड़ियों को सरेखण, समरूपता, चेहरे की दिशा और मांसपेशियों की स्थिरता जैसे अन्य पहलुओं के आधार पर परखा जाएगा।

## सूर्यकुमार यादव के आ गए ऐसे दिन

# युगांडा के खिलाफ खेल सकते हैं टी20 मुकाबला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*सूर्यकुमार यादव के लिए आईपीएल का ये सीजन खत्म हो चुका है। इस साल ना तो सूर्या का बल्ला कुछ कमाल कर पाया और ना ही उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने ही कुछ अलग किया।*



हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही राउंड से काफी पहले बाहर हो गई थी। इस बीच सूर्यकुमार यादव को लेकर खबर आ रही है कि वे यूगांडा के खिलाफ खेलते हुए नजर आ सकते हैं। ये मैच 30 मई को खेला जाएगा। ये बात आपको रोचक लग रही होगी, लेकिन ऐसा कुछ होने की संभावना नजर आ रही है।

### युगांडा की क्रिकेट टीम मुंबई के दौरे पर है..

युगांडा की क्रिकेट टीम इस वक्त मुंबई के दौरे पर है। युगांडा की टीम यहां पर चार वनडे और 4 टी20 मैच खेलने आई है। ध्यान रखिएगा कि ये युगांडा की इंटरनेशनल टीम है। युगांडा की टीम भारत में टीम इंडिया से नहीं, बल्कि टी20 मुंबई लीग की टीमों से टी20 मैच खेलेगी। इन्हीं में से एक टीम ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट है। जिससे सूर्यकुमार यादव टी20 मुंबई लीग में खेलते हैं। युगांडा और ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट के बीच मुकाबला 30 मई को खेला जाएगा। इसी में सूर्या के खेलने की संभावना है। इस तरह की रिपोर्ट स्पोर्ट्स स्टार से सामने आई है।

### एक जून से शुरू हो रही है टी20 मुंबई लीग..

दरअसल 1 जून से ही टी20 मुंबई लीग का भी आयोजन शुरू होना है। इसलिए टीम के प्लेयर्स का एक प्रैक्टिस भी मिल जाएगी। सूर्या ने आईपीएल में लगातार अपनी टीम के लिए मैच खेले, लेकिन वे उस रंग में नजर नहीं आए, जिसके लिए जाने और पहचाने जाते हैं। सूर्या ने हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में मुंबई इंडियंस की कप्तानी भी की।

### सूर्या की बल्लेबाजी और फॉर्म पर रहेगी सभी की नजर..

वैसे तो टी20 मुंबई लीग की टीम की ओर से यूगांडा के खिलाफ खेलना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन टीम इंडिया के टी20 कप्तान का इस तरह के मैच में खेलना बड़ी बात जरूर कही जा सकती है। हालांकि सूर्या का फॉर्म इस वक्त पूरी तरह से गया हुआ है। देखना होगा कि क्या सूर्या इस मैच में खेलते हैं तो कैसा प्रदर्शन करते हैं। वैसे उन्हें टी20 मुंबई लीग में तो खेलना ही है, उसमें भी उनके खेल पर सभी की नजर रहने वाली है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# 30 साल बाद भारत लौटी सुपरस्टार हीरोइन, कभी माधुरी दीक्षित पर पड़ी भारी, अब छोटे-मोटे रोल के लिए भी तरसी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*1980 और 1990 के दशक की मशहूर और शीर्ष अभिनेत्रियों में शुमार मीनाक्षी शेषाद्रि ने दशकों तक बड़े पर्दे से दूर रहने के बाद अभिनय की दुनिया में वापसी करने की इच्छा जताई है।*



उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों को यह जानकारी दी कि वह करीब 30 वर्षों के बाद वापस भारत शिफ्ट हो गई हैं और इस समय फिल्म इंडस्ट्री में काम के अच्छे अवसरों की तलाश कर रही हैं। सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए मीनाक्षी ने कहा कि वह अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस लौट आई हैं। उन्होंने अपने फॉलोअर्स को उनके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह पूरी उम्मीद, जुनून और सकारात्मकता के साथ एक बार फिर मनोरंजन उद्योग में कदम रख रही हैं।

### किसी एजेंसी के बिना खुद संभाल रही हैं काम..

अपनी आगामी योजनाओं के बारे में बात करते हुए मीनाक्षी ने स्पष्ट किया कि वह ऐसी भूमिकाओं की तलाश में हैं जो 'सार्थक' और प्रभावशाली हों। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह मायने नहीं रखता कि भूमिका मुख्य किरदार की है, सहायक कलाकार की है या फिर किसी छोटे शो की, बशर्ते वह किरदार दमदार होना चाहिए। वह फिल्मों और ओटीटी दोनों ही माध्यमों पर ऐसे किरदारों को तलाश रही हैं जो एक कलाकार के रूप में उन्हें चुनौती दे सकें। अभिनेत्री ने यह भी खुलासा किया कि भारत लौटने के बाद उन्हें कई प्रस्ताव मिले, लेकिन उनमें से कुछ उतने रोमांचक नहीं थे और कुछ पर बात आगे नहीं बढ़ पाई। वर्तमान में वह बिना किसी पीआर या टैलेंट एजेंसी के सहयोग के अपनी इस नई यात्रा को खुद ही संभाल रही हैं।

### बोस्टन से फैंस के नाम संदेश और बेटे का ग्रेजुएशन..

मीनाक्षी ने इस वीडियो पोस्ट के साथ एक विशेष संदेश भी लिखा, जिसे उन्होंने अमेरिका के बोस्टन शहर से साझा किया था। उन्होंने बताया कि वह इस समय अपने परिवार के साथ हैं और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अपने बेटे के ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी होने का जश्न मना रही हैं। छुट्टियों के बाद वह वापस भारत में अपने काम पर ध्यान केंद्रित करेंगी। प्रशंसकों से दुआओं और शुभकामनाओं की अपील करते हुए उन्होंने लिखा, 'न जाने किसकी दुआ से मुझे कोई अच्छा मौका मिल जाए।' उनकी इस घोषणा के बाद कमेंट सेक्शन में फैंस ने उन पर जमकर प्यार बरसाया। कई प्रशंसकों ने उन्हें जल्द ही बड़े पर्दे पर देखने की इच्छा जताई तो किसी ने उन्हें अक्षय कुमार जैसे बड़े सितारों के साथ काम करने की सलाह दी।


### ऐसा रहा है मीनाक्षी का फिल्मी सफर..

मीनाक्षी शेषाद्रि ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत साल 1983 में फिल्म 'पेंटर बाबू' से की थी, लेकिन उन्हें असली पहचान सुभाष घई की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हीरो' से मिली, जिसमें वह जैकी श्रॉफ के अपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने 'घायल', 'शहंशाह', 'मेरी जंग' और 'घातक' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। उनके करियर का सबसे बेहतरीन और यादगार अभिनय 1993 में आई फिल्म 'दामिनी' में देखा गया, जहा न्याय के लिए लड़ने वाली एक मजबूत महिला के किरदार में उनके अभिनय को समीक्षकों की जबरदस्त सराहना मिली थी। अपने करियर के चरम पर मीनाक्षी ने बिजनेसमैन हरीश मैसूर से शादी करने के बाद फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया था और अमेरिका जाकर बस गई थीं।

# जंक फूड की शौकीन थीं बॉलीवुड एक्ट्रेस, वेट लॉस जर्नी के पहले रोज खाती थी 2 पिज्जा और 3 ब्राउनी, फिर ऐसे घटाया 45 किलो वजन..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड की सबसे फिट स्टार्स में से एक बनने से पहले सारा अली खान जंक फूड की शौकीन थीं। हाल ही में उन्होंने अपनी न्यूयॉर्क की स्टूडेंट लाइफ, पिज्जा, ब्राउनी और जीरो कैलोरी जर्नी के बारे में खुलकर बात की।*



एक्ट्रेस ने अपनी पुरानी खाने की आदतों को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्हीं वजहों से उन्होंने अपनी जिंदगी में बड़ा बदलाव लाने का फैसला किया। फिल्म 'केदारनाथ' से डेब्यू करने से पहले उन्होंने 45 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। एक्ट्रेस सारा ने जब से बॉलीवुड में एंट्री की है, वह तब से अपनी फिटनेस का बहुत अच्छे से ध्यान रख रही हैं।

### जब सारा की जिंदगी का हिस्सा बन गया था जंक फूड..

कर्ली टेल्स के साथ हाल ही में हुई एक बातचीत के दौरान, सारा ने बताया कि कॉलेज के दिनों में उनके खाने की पसंद हेल्दी फूड के बजाय बजट फ्रेंडली जंक फूड था। एक्ट्रेस ने कहा कि न्यूयॉर्क में पढ़ाई के दौरान वह लगभग हर दिन दो मीडियम साइज के पिज्जा ऑर्डर करती थीं, क्योंकि कॉम्बो ऑफर्स की वजह से उन्हें ज्यादा फायदा मिलता है और पैसे थोड़े कम लगाते थे। इसके पीछे के मजेदार लॉजिक को याद करते हुए सारा ने बताया, 'मैं न्यूयॉर्क में पढ़ाई करती थी। वहां, एक बड़ा पिज्जा दो मीडियम पिज्जा से ज्यादा महंगा पड़ता था। क्योंकि वहां एक डील चलती थी। अगर आप एक मीडियम पिज्जा खरीदते हैं तो दूसरा पिज्जा आपको 50 परसेंट की छूट पर मिलता है। इसलिए मुझे यह एहसास ही नहीं हुआ कि इसका मतलब यह भी होगा कि मेरा वजन भी 50 परसेंट ज्यादा बढ़ जाएगा।' एक्ट्रेस ने मजाक में कहा कि उस समय उन्होंने इस बारे में हिसाब-किताब ठीक से नहीं लगाया था।

### नाश्ते में 3 ब्राउनी खाती थीं सारा अली..

पिज्जा के अलावा एक्ट्रेस ने एक और मजेदार खुलासा किया कि उनकी वेट लॉस जर्नी के पहले वह नाश्ता में क्या खाती थीं? सारा ने बताया कि उनके नाश्ते की आदतें भी उतनी ही हैरान करने वाली थीं। एक्ट्रेस ने इंटरव्यू के दौरान बताया, 'मेरा नाश्ता तीन चॉकलेट चिप ब्राउनी होता था।' सारा ने आगे कहा, 'यह 5 मिनट का पैदल रास्ता था। मैं 7 मिनट तक चलती थी और तीन ब्राउनी खा लेती थी। मैं मजाक नहीं कर रही हूं।'

### एक्ट्रेस बनाने के लिए अपनाई हेल्दी लाइफस्टाइल..

आज सारा जंक फूड से दूर अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान दे रही हैं। सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म 'केदारनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू करने से पहले एक्ट्रेस ने अपनी लाइफस्टाइल में एक बड़ा बदलाव किया था।

उन्होंने लगातार वर्कआउट किया, खान-पान में बदलाव और सेहतमंद आदतों की मदद से अपना लगभग 45 किलो वजन कम किया था।

# धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण, नम आंखों से अवॉर्ड लेने पहुंचीं हेमा मालिनी, फूट-फूटकर रोईं बेटी अहाना..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय सिनेमा के इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले और दर्शकों के दिलों पर दशकों तक राज करने वाले सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोप्रांत देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया है।*



राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य और गरिमामयी समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। सिनेमा जगत में उनके अतुलनीय योगदान और अमूल्य धरोहर को याद करते हुए जब उनके नाम की घोषणा हुई तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। अवॉर्ड लेने के लिए वहां उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी आहाना मौजूद थीं। नाम का ऐलान होते ही हेमा मालिनी आगे आईं और अवॉर्ड लेने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने पहुंचीं।

### हेमा मालिनी ने स्वीकार किया सम्मान..

धर्मेंद्र की ओर से यह मरणोप्रांत सम्मान ग्रहण करने के लिए उनकी पत्नी और जानी-मानी अभिनेत्री व राजनेता हेमा मालिनी मंच पर पहुंचीं। उनकी आंखों में आंसू थे। राष्ट्रपति के हाथों अवॉर्ड लेते समय हेमा मालिनी बेहद भावुक नजर आईं। गुलाबी साड़ी और मिनिमल जूलरी पहने पहुंचीं हेमा मालिनी की आंखों में अपने जीवनसाथी को खोने का गम साफझलक रहा था, लेकिन साथ ही उनके चेहरे पर धर्मेंद्र को मिले इस सर्वोच्च सम्मान के लिए गर्व का भाव भी था। अवॉर्ड हाथ में लेते ही वे अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं और बेहद नम आंखों के साथ उन्होंने बिना कुछ कहे ही सिर झुकाकर राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया।

### फूट-फूटकर रोईं बेटी अहाना..

इस ऐतिहासिक और भावुक पल के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठीं धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की छोटी बेटी अहाना देओल अपने जज्बातों पर काबू नहीं रख सकीं। अपने दिवंगत पिता को इस तरह सम्मानित होते देख अहाना देओल कार्यक्रम के दौरान ही फूट-फूटकर रोने लगीं। पिता की याद में उनका रो-रोकर बुरा हाल था, वो दोनों हाथ जोड़कर आभार जताती नजर आ रही थीं। धर्मेंद्र का अपनी बेटियों के साथ बेहद गहरा और लाडला रिश्ता था और इस सम्मान समारोह में उनकी कमी हर किसी को शिद्दत से महसूस हो रही थी।

### सिनेमा जगत में एक युग का अंत और अमर विरासत..

धर्मेंद्र को मिला यह सम्मान उनके उस शानदार फिल्मी सफर की तस्दीक करता है, जिसमें उन्होंने 'शोले', 'सत्यकाम', 'चुपके चुपके' और 'यादों की बारात' जैसी अनगिनत कल्ट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। उन्हें बॉलीवुड का 'ही-मैन' कहा जाता था, जिन्होंने न सिर्फ एक्शन बल्कि रोमांस और कॉमेडी में भी अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की थी। हालांकि धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन मरणोप्रांत मिला यह 'पद्म विभूषण' सम्मान उनके प्रशंसकों और परिवार के लिए एक ऐसा गौरवशाली क्षण है, जो उनकी विरासत को हमेशा के लिए अमर कर देता है। सोशल मीडिया पर भी देश भर के फैंस और फिल्मी हस्तियां इस भावुक पल की तस्वीरें साझा करते हुए धर्मेंद्र को अपनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# वाहन ईंधन के दाम फिर बढ़े, ज्यादातर प्रमुख शहरों में पेट्रोल 100 रुपये लीटर के पार..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***देश में सोमवार को एक बार फिर पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपये लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में चौथी वृद्धि है।***

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ उसके खुदरा दाम बढ़ा रही हैं।

इस ताजा बढ़ोतरी के साथ, 15 मई से लेकर पेट्रोल और डीजल के दाम में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। इससे अर्थव्यवस्था में महंगाई और परिवहन लागत बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

उद्योग सूत्रों के अनुसार, कीमतों में हुए इस ताजा संशोधन में पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। इससे दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपये से बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में 113.51 रुपये और 99.82 रुपये प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 107.77 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल और डीजल में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर, 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर तथा 23 मई को पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

विभिन्न राज्यों में स्थानीय करों के कारण ईंधन की कीमतों में अंतर होता है।



इस वृद्धि के बाद, पेट्रोल और डीजल की कीमतें अब मई, 2022 के बाद से उच्चतम स्तर पर हैं। ईंधन के दाम में अप्रैल, 2022 से कोई कोई वृद्धि नहीं हुई थी। हालांकि, मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी थी। आखिरी बार कीमतों में वृद्धि अप्रैल, 2022 में हुई थी।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का कुल मिलकर देश के लगभग 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है।

विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति का बाधित होना है।

संघर्ष के शुरुआती ढाई महीनों में पेट्रोलियम कंपनियों ने लागत बढ़ने के बावजूद खुदरा कीमतों को स्थिर रखा था। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने का कदम बताया था, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार पर पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कारण कीमतों में बढ़ोतरी टालने का आरोप लगाया था।

यह मूल्य वृद्धि 15 मई को तब शुरू हुई, जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावों में से तीन में जीत दर्ज की।

युद्ध शुरू होने के बाद से, घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की कीमतों में 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 60 रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में मई के मध्य से चार रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है।

कंपनियां कीमतों में वृद्धि के बावजूद, वाहन ईंधन पेट्रोल और डीजल तथा घरेलू खाना पकाने की गैस एलपीजी लागत से कम दाम पर बेच रही हैं।

सार्वजनिक कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाए जाने के तुरंत बाद नायरा एनर्जी जैसी निजी तेल कंपनियों ने भी इसी अनुपात में दाम बढ़ा दिए। इससे पहले मार्च में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पर पांच रुपये और डीजल पर तीन रुपये तथा शेल ने एक अप्रैल से पेट्रोल पर 7.41 रुपये और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की थी। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी पीएलसी के संयुक्त उद्यम 'जियो-बीपी' ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के समान ही अपनी दरें बढ़ाई हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घाटा प्रतिदिन लगभग 600 करोड़ रुपये तक कम हो गया है। यह 15 मई से पहले 1,000 करोड़ रुपये था।

उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हाल के मूल्य संशोधन इस तरह से किए गए हैं कि पेट्रोलियम कंपनियों पर दबाव कुछ हद तक कम हो, लेकिन इससे महंगाई में तेज झटका न लगे। हालांकि, इन बढ़ोतरी से कीमतों पर दबाव बढ़ना तय है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, ''खुदरा ईंधन की कीमतों में हाल की बढ़ोतरी के बावजूद पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का घाटा लगातार ऊंचा बना हुआ है, क्योंकि घरेलू एलपीजी बिक्री में नुकसान बढ़ रहा है और कच्चे तेल के दाम भी अधिक है।''

इक्रा ने अनुमान जताया कि अगर कच्चे तेल की कीमत 120 से 125 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी रहती है और पिछले 10 वर्षों के औसत शोधन मार्जिन को ध्यान में रखा जाए, तो विपणन कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर प्रतिदिन लगभग 700 से 800 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, भले ही हाल की कीमत बढ़ोतरी को शामिल कर लिया जाए।

रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''यह उच्च स्तर का घाटा लंबे समय तक टिकाऊ नहीं है।''

# बीएसएनएल का राजस्व दो साल में 19 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये पर




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का राजस्व बुनियादी ढांचे में सुधार के कारण दो साल में लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया।***

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में संचार राज्यमंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी के प्रसार भारती को दिए गए एक साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीएसएनएल के बदलाव के लिए सुनियोजित दृष्टिकोण अपनाये जाने से इसके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है।

पेम्मासानी ने कहा, ÷वित्तीय सुधार उल्लेखनीय है। बीएसएनएल का राजस्व दो वर्षों में 21,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया है। यह 20 से 25 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) में भारी उछाल आया है और यह 50 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 7,000 करोड़ रुपये हो गई है।'' यह परिचालन दक्षता में सुधार को दर्शाता है।÷

बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 23,427 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 में 21,302 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की थी। मंत्री ने कहा कि उनके और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा बीएसएनएल के प्रदर्शन की व्यवस्थित समीक्षा से सरकारी कंपनी को प्रभावित कर रही समस्याओं का विस्तृत विश्लेषण हुआ।

उन्होंने कहा, ''आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में टावर का संचालन समय केवल 75 प्रतिशत था। हमने 95 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया। 50,000 टावर में 50,000 बैटरियां बदलीं, बिजली संयंत्रों को उन्नत बनाया और पुराने केबल को बदला। इसके बाद हमने प्रत्येक सर्किल और राज्य स्तर पर उद्यम व्यवसाय और नए मोबाइल कनेक्शन के लिए व्यवस्थित लक्ष्य निर्धारित किए।''

पेम्मासानी ने कहा कि बीएसएनएल के शुल्क निजी कंपनियों की तुलना में काफी सस्ते हैं। उन्होंने कहा, ''हम भारतीय डाक कार्यालयों के माध्यम से एक रुपये के सिम कार्ड दे रहे हैं ताकि लोग हमारी सेवा का अनुभव कर सकें। हम ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने के लिए भारतीय डाक के साथ भी काम कर रहे हैं।


डाक कर्मचारी बीएसएनएल की बेहतर सेवाओं के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी दे रहे हैं। जिन गांवों में बीएसएनएल ही एकमात्र विश्वसनीय विकल्प है, वहां लोगों को निश्चित रूप से इसे लेना चाहिए।'' पेम्मासानी ने कहा कि स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी का तेजी से विस्तार एक गौरवपूर्ण उपलब्धि रही है।

उन्होंने कहा, ''हमने एक ही वर्ष के भीतर 1,00,000 टावर पर स्वदेशी 4जी सेवा शुरू की और अब इसे लगभग वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित कर लिया है। भारत अब स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी विकसित करने वाला दुनिया का पांचवा देश है।''

# टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को बैठक, घाटे वाली कंपनियों पर होगी चर्चा

**मुंबई, (भाषा)।**

***टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को बैठक होगी जिसमें समूह की घाटे में चल रही कंपनियों के प्रदर्शन पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।***




सूत्रों ने कहा कि बैठक में विशेष रूप से नुकसान झेल रहीं समूह कंपनियां अपने कारोबार की स्थिति और आगे की रणनीति पर प्रस्तुति दे सकती हैं।

हालांकि, सूत्रों ने स्पष्ट किया कि इस बैठक में एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का दोबारा चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर चर्चा होने की संभावना नहीं है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब समूह के भीतर शीर्ष स्तर पर मतभेद की खबरें हैं।

सूत्रों के अनुसार, टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और चंद्रशेखरन ने सप्ताहांत में समूह कंपनियों के प्रदर्शन को लेकर चर्चा की थी।

ऐसी रिपोर्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में समूह के गैर-सूचीबद्ध कारोबार को 10,905 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इसके बढ़कर 29,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाने का अनुमान है।

टाटा समूह में टाटा ट्रस्ट्स की दो-तिहाई हिस्सेदारी है। हाल के महीनों में समूह में शीर्ष स्तर पर मतभेद, कुछ सदस्यों को हटाने के प्रयास और चेयरमैन के कार्यकाल को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।

खबरों के मुताबिक, नोएल टाटा को टाटा डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार और घाटे में चल रही एयर इंडिया के प्रदर्शन को लेकर चिंता है। इनमें से अधिकांश कारोबार चंद्रशेखरन के टाटा संस का प्रमुख रहते समय शुरू हुए हैं।

इसके अलावा नोएल टाटा के टाटा संस का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने को लेकर भी मतभेद है। भारतीय रिजर्व बैंक ने टाटा संस को विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बताते हुए बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए कहा हुआ है।

टाटा समूह के मौजूदा घटनाक्रम पर टाटा ट्रस्ट्स के एक प्रतिनिधि को भेजे गए ई-मेल का समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था।

इस बीच, प्रॉक्सी सलाहकार फर्म इनगवर्न ने कहा है कि टाटा संस जैसी विशाल आकार वाली कंपनी का सूचीबद्ध होना जरूरी है, ताकि पारदर्शिता और कॉरपोरेट संचालन मजबूत हो सके।

# रुपये में लगातार तीसरे दिन मजबूती, 34 पैसे चढ़कर 95.26 प्रति डॉलर पर..

**मुंबई, (भाषा)।**

***अमेरिका एवं ईरान के बीच शांति समझौते की बढ़ती उम्मीदों के बीच सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह रुपये में तेजी का लगातार तीसरा सत्र रहा।***



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीदों से बाजार में सकारात्मक रुख रहा। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी जैसे अहम मुद्दों पर मतभेद अभी बने हुए हैं।

कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा के बयान से भी रुपये को समर्थन मिला। मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में व्यवस्थित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.36 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और इसने दिन में 95.12 के ऊपरी एवं 95.44 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले सत्र की तुलना में 34 पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 75 पैसे मजबूत होकर 95.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से भी बाजार को समर्थन मिला कि अमेरिका एवं ईरान ने शांति समझौते पर बातचीत लगभग पूरी कर ली है। हालांकि, ट्रंप ने वार्ताकारों को जल्दबाजी न करने की सलाह दी है।

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और भारत अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब हैं।

दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत टूटकर 99.98 पर आ गया।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड होर्मुज का समुद्री मार्ग खुलने की उम्मीद से वायदा कारोबार में 5.10 प्रतिशत टूटकर 98.26 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक चढ़कर 76,488.96 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 312.40 अंक बढ़कर 24,031.70 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने सोमवार को शुद्ध रूप से 821.75 करोड़ रुपये खरीदे। इस बीच, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रह गया।

# ईंधन की बढ़ी कीमतों से दिल्ली में फल, सब्जियों के दाम पर पड़ सकता असर : व्यापारी

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हाल की बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में फल और सब्जियों के दाम प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली के आजादपुर मंडी के व्यापारियों ने सोमवार को यह कहा। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने सोमवार को पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। यह दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बढ़ोतरी है। आजादपुर मंडी फेडरेशन ऑफ फ्रूट एंड वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि थोक कीमतों पर अब तक कोई तत्काल असर नहीं पड़ा है, लेकिन ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से अंततः दाम प्रभावित हो सकते हैं।



शर्मा ने कहा, ''सोमवार तक कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन आने वाले दिनों में ईंधन की कीमतें और बढ़ सकती हैं, इसलिए हमें कुछ असर देखने को मिल सकता है। हालांकि कीमतों में छोटी-मोटी बढ़ोतरी से हमेशा थोक कीमतों पर तुरंत असर नहीं पड़ता, लेकिन ईंधन की कीमतों में कुल मिलाकर बड़ी बढ़ोतरी से निश्चित रूप से दाम बढ़ेंगे।''

वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव अनिल मल्होत्रा के अनुसार, परिवहन लागत में किसी भी बढ़ोतरी का सीधा असर दिल्ली आने वाले फलों और सब्जियों की कीमतों पर पड़ेगा।

मल्होत्रा ने कहा, ''देश के हर हिस्से से फसल, फलों और सब्जियों को दिल्ली लाने के लिए ट्रकों का इस्तेमाल किया जाता है। लोडर इन ट्रकों को किराए पर लेते हैं और जैसे-जैसे इंधन की कीमतें बढ़ेंगी, इसका असर निश्चित रूप से परिवहन लागत पर पड़ेगा।''

हालांकि, शर्मा ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी की सीमा इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रांसपोर्टर ट्रकों का किराया कितना बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, ''हम अभी कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का अनुमान नहीं लगा सकते, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ट्रकों का किराया कितना बढ़ता है।'' आजादपुर मंडी में टमाटर बेचने वाले दिलीप कुमार ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को आमतौर पर तब असर महसूस होना शुरू होता है, जब ट्रांसपोर्टर माल ढुलाई के शुल्क में बदलाव करते हैं।

कुमार ने कहा, ''अगर डीजल की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं, तो ट्रांसपोर्टर ज्यादा शुल्क लेंगे और वह लागत अंततः मंडी तक पहुंच जाएगी। अगर ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही, तो अगले कुछ दिनों में खुदरा कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।'' मंडी के विक्रेताओं ने यह भी कहा कि लॉजिस्टिक (परिवहन) खर्चों में होने वाली किसी भी बढ़ोतरी का बोझ अंततः खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के जरिए उपभोक्ताओं पर ही डाला जाता है।

# आरबीआई संभवतः फिलहाल मौद्रिक नीति सख्त नहीं करेगा, दिसंबर में ही नीतिगत दर में होगी वृद्धिः इक्रा..

**मुंबई, (भाषा)।**

***ईंधन की बढ़ती कीमतों और मानसून की अनिश्चितता के कारण महंगाई के बढ़ते जोखिम के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) फिलहाल संभवतः मौद्रिक नीति को सख्त नहीं करेगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह कहा।***




कीमतों पर दबाव अगर बना रहता है, तो प्रमुख ब्याज दरों में वृद्धि केवल वर्ष के अंत में ही संभव है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''हमें नहीं लगता कि एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) फिलहाल नीतिगत दरों में वृद्धि करेगी। यह आपूर्ति में अचानक आई कमी है। यह कोविड संकट से बहुत अलग है, जो आपूर्ति और मांग दोनों में एक साथ आई कमी थी।''

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक कदम उठाने से पहले दूसरे दौर की मुद्रास्फीति के प्रभावों के प्रमाण का इंतजार करेगा। हाल ही में खुदरा ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि के बाद, इक्रा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने औसत खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) अनुमान को बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। यह मुद्रास्फीति पर आरबीआई के मध्यम अवधि के लक्ष्य से अधिक है।

हालांकि, एजेंसी को उम्मीद है कि एमपीसी अगले दो मौद्रिक नीति समीक्षाओं के दौरान प्रमुख दरों में कोई बदलाव नहीं करेगी। अक्टूबर में रुख में संभावित बदलाव होगा और यदि आवश्यक हुआ तो दिसंबर की नीति में ही प्रमुख नीतिगत दर में वृद्धि की जाएगी।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# खबरों की सुर्खियों के बाद भी नहीं सुधारी एसबीआई के सामने की पार्किंग व्यवस्था.. प्रशासन बेखबर, दुर्घटना का इंतजार..

जगप्रेरणा लांजी।

*'लापरवाही अक्सर उस चिंगारी की तरह होती है, जो देर से सही मगर सब कुछ राख कर देती है।' लांजी-भिलाई मार्ग पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मौजूदा तस्वीर मानो इसी चेतावनी को सच साबित करती दिखाई दे रही है।*



अब सवाल यह नहीं रह गया कि खबरें कितनी छपीं, सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार कब जागेंगे? या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद वही घिसा-पिटा मातम और कार्रवाई का दिखावा दोहराया जाएगा। शहर का सबसे व्यस्त लांजी-भिलाई मार्ग इन दिनों बदइंतजामी, लापरवाही और प्रशासनिक बेबसी की ऐसी तस्वीर बन चुका है, जिसे देखकर हर राहगीर के मन में एक ही सवाल उठता है–क्या सिस्टम किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है?

सडक़ पर पसरी अवैध पार्किंग, बैंक के सामने फैला अतिक्रमण और रोज़ का जाम अब लोगों की मजबूरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की नाकामी का खुला इश्तिहार बन चुका है। सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है स्टेट बैंक ऑफइंडिया लांजी शाखा, जिसके सामने वर्षों से पसरी अव्यवस्था अब आमजन की सुरक्षा पर सीधा खतरा बनती जा रही है।

## नगर परिषद के नोटिस के बाद भी नहीं बदले हाला..

हैरानी की बात यह है कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। बीते कई वर्षों में इस समस्या को लेकर सैकड़ों बार समाचार पत्रों, डिजिटल पोर्टलों और न्यूज चैनलों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। शिकायतें हुईं, ज्ञापन दिए गए, नगर परिषद ने नोटिस भी थमाए, मगर नतीजा वही 'ढाक के तीन पात।'

हालात यह हैं कि नोटिस जारी कर नगर परिषद ने मानो अपना दामन बचा लिया, जबकि सडक़ पर बदहाल यातायात व्यवस्था आज भी जस की तस खड़ी है। जिस मार्ग पर बस स्टैंड संचालित होता हो,

जहां दिनभर स्कूली बच्चों की आवाजाही रहती हो, व्यापारिक गतिविधियां चरम पर हों, वहां बैंक के सामने सडक़ तक खड़े वाहन हर पल खतरे का सबब बने हुए हैं। कई बार बड़े वाहन, एंबुलेंस और स्कूली बसों को निकलने तक में मशक्कत करनी पड़ती है।

## बैंक प्रबंधन ने वर्षों से समस्या को किया नजर अंदाज..

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर किसी दिन यहां कोई बड़ा हादसा हो गया तो उसकी जवाबदेही आखिर किसके माथे मढ़ी जाएगी? लोगों के बीच सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात को लेकर है कि बैंक प्रबंधन ने वर्षों से इस गंभीर समस्या को नज़रअंदाज़ कर रखा है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि जब बैंक परिसर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था ही उपलब्ध नहीं थी, तब आखिर ऐसे भवन में बैंक संचालन की अनुमति कैसे दी गई? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मौजूदा भवन बैंक संचालन के बुनियादी मानकों और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी खरा नहीं उतरता। बैंक परिसर के सामने फैला अतिक्रमण और सडक़ तक पसरी पार्किंग व्यवस्था कई संदेहों को जन्म देती है।

## अन्य बैंकों के भी यही हाल..

शहरवासियों का कहना है कि यह केवल स्टेट बैंक तक सीमित समस्या नहीं है। बीच बाजार स्थित सेंट्रल बैंक और महाराष्ट्र बैंक के सामने भी लगभग यही हालात बने हुए हैं, जहां सडक़ें धीरे-धीरे पार्किंग स्थल में तब्दील होती जा रही हैं। मगर स्टेट बैंक के सामने की स्थिति सबसे अधिक भयावह मानी जा रही है, क्योंकि यहां यातायात का दबाव कई गुना अधिक रहता है।

# शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन और अतिक्रमण मामले में जेसीबी और ट्रैक्टर जप्त.. शिकायत पर राजस्व विभाग की कार्यवाही..

जगप्रेरणा लांजी।

*मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा के पास ग्राम कुलपा में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन और अतिक्रमण करने वाले महाराष्ट्र के टेकू लिल्हारे की धौंस का खेल थम गया। जेसीबी और ट्रैक्टर के साथ खेती बनाने की कोशिश करते हुए उसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया।*





तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। घटना ग्राम कुलपा की है, जो महाराष्ट्र के आमगांव से सटा हुआ क्षेत्र है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के आमगांव निवासी टेकू लिल्हारे अपनी जेसीबी मशीन (क्रमांक **RJ** 37 **EA** 17 14) और ट्रैक्टर (क्रमांक **HH** 35 **G** 7384 स्वराज 735 **XM**) व ट्रॉली (**MH** 35 73) के सहारे शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन कर मिट्टी निकाल रहा था और उस पर खेती बनाने की तैयारी कर रहा था।

ग्राम पंचायत कुलपा को जब इसकी सूचना मिली तो जनप्रतिनिधि तुरंत मौके पर पहुंच गए। जनपद पंचायत सदस्य योगेश कुराहे, सरपंच प्रतिनिधि जतिन नागपुरे, पंच यवक नंगपुरे, पंच योगेश वर्मा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अतिक्रमणकर्ता को रोका और एसडीएम लांजी को फोन कर सूचना दी।

## तहसीलदार ने की तुरंत कार्यवाही..

शिकायत मिलते ही तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी पटवारी, कोटवार और पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अवैध उत्खनन में लगे जेसीबी व ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया गया और दोनों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में थाना लांजी ले जाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि टेकू लिल्हारे के नाम पर न तो कुलपा में कोई भूमि है और न ही उसके पूर्वजों के नाम पर एक डिसमिल भी। फिर भी वह शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि टेकू अपनी बहन सुखबती (पति ईशुलाल उपराड़े) के नाम पर आसपास की शासकीय भूमि पर भी कब्जा बनाए हुए है।

## धमकी भरा रवैया, बोला–मेरा जीजा भाजपा जिला अध्यक्ष है..

ग्रामीणों ने बताया कि जब वे अतिक्रमण रोकने गए तो टेकू लील्हारे ने आक्रामक व्यवहार किया। उसने दहलाते हुए कहा कि उसका जीजा ईशुलाल उपराड़े वकील है और महाराष्ट्र के आमगांव से भाजपा जिला अध्यक्ष है। 'हमारी सरकार है, यहां कोई नहीं आएगा, सिर्फ मेरा कब्जा है', जैसे शब्दों में उसने ग्रामीणों को धमकाया।

## पहले भी किया था अतिक्रमण..

योगेश कुराहे ने बताया, 'इससे पहले भी टेकू लील्हारे ने ग्राम पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण कर तुवर और धान की फसल बोई थी। हमने उसे समझाया था, लेकिन वह नहीं माना। इस बार जेसीबी-ट्रैक्टर लेकर फिर आ गया। हमने एसडीएम को शिकायत की और वाहन जब्त कराए गए हैं।' ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमणकर्ता पर सख्त कार्रवाई की जाए और आसपास के गरीब बैगा परिवारों को भी इस व्यक्ति की धमकियों से मुक्ति दिलाई जाए, जो वर्षों से शासकीय भूमि पर झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों में आक्रोश..

जगप्रेरणा लांजी।

*ग्राम कंसूली में विद्युत विभाग की लापरवाही का शिकार होकर विगत 24 मई की सुबह एक दर्जन से अधिक घरों के बिजली उपकरण जल गए। सप्ताह भर से वोल्टेज कम-ज्यादा होने की शिकायतों के बावजूद विभाग की अनदेखी के कारण अचानक हाई वोल्टेज आने से ग्रामीणों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।*



सरपंच लीलाराम मानकर ने बताया कि पंचायत टोला और मेन बस्ती दोनों इलाकों में यह समस्या आई है। गांव में सिर्फ एक ट्रांसफार्मर है, जिस पर कृषि पंपों सहित घरेलू कनेक्शन भी लिए गए हैं। लोड बढ़ने और विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

## जल गए ये उपकरण..

ग्राम के कोमेश्वर टिकेश्वर के घर पंखा, भुनेश्वर के घर कुलर, दिलीप पांचे पानी की मोटर, विक्की मोटर, कमलेश दांदरे पंखा, फत्तू टीवी, अशोक मातरे टीवी, माहू आचरे सबमर्सिबल पंप, रूपचंद मोटर, दिलीप पांचे टीवी, इन्द्र कुमार पंखा,कुलर, दिनेश दांदरे पंखा, शिवा टिकेश्वर टीवी, डेमेश्वर दांदरे कुलर, पंखा, अशोक मातरे की मोटर सहित और भी कई घरों में बिजली के सामान जलने की शिकायतें आई हैं।

सरपंच लीलाराम मानकर ने कहा, 'एक ओर विद्युत विभाग भारी-भरकम बिल वसूलता है, वहीं अपनी गलती पर उपभोक्ताओं को हुए नुकसान की भरपाई करने को तैयार नहीं है। विभाग को तुरंत मुआवजा देना चाहिए।'

## सड़क पर मौत का खेल..

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी नई सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने से बिजली के तार नीचे लटक गए हैं। खासकर महात्मा फुले चौक पर तार सड़क को क्रॉस कर रहे हैं। कोई भी बड़ा वाहन गुजरते समय तारों को लकड़ी के सहारे ऊपर उठाना पड़ता है। कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। विद्युत विभाग को तुरंत पोल ऊंचे करके तारों को ऊपर उठाना चाहिए।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के जेई को घटना की जानकारी दे दी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त उपकरणों का मुआवजा दिया जाए, ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाई जाए, झूलते तारों को तुरंत ठीक किया जाए। विद्युत विभाग की इस लापरवाही से कंसूली गांव में आक्रोश फैला हुआ है। ग्रामीण अब मुआवजे और सुधार के लिए विभाग पर दबाव बना रहे हैं।




# जल गंगा संवर्धन अभियान

## नपा ने कोटेश्वर धाम परिसर में श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान..

जगप्रेरणा लांजी।

*मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के अवसर पर 25 मई 2026 को जनजागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।*




इसी क्रम में नगर परिषद लांजी द्वारा वार्ड क्रमांक-01 स्थित कोटेश्वर धाम परिसर में श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी मयूर वाहने के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान काशी नाले की सफाई की गई तथा कोटेश्वर तालाब (बोड़ी) परिसर में व्यापक स्वच्छता कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में स्वच्छता प्रभारी संतोष भार्गव, लेखापाल श्रीमती वंदना भार्गव, स्वच्छता सहायक उत्तम रामटेके, छगन मिश्रा, विनोद तिवारी, विजय महोबिया, तेजराम आसटकर, संजय भंडारकर, आकाश महोबिया, श्याम वघारे, विनोद रहमतकर, गोविंद राउत एवं शैलेन्द्र पाण्डे सहित नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण करने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश सीएमओ मयूर वाहने के द्वारा दिया गया।

# पाकिस्तान में दर्दनाक हादसा, बस की टक्कर से 17 लोगों की मौत, बचाव कार्य जारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

पाकिस्तान के मरदान जिले से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां स्वात एक्सप्रेसवे पर एक बस की टक्कर से 17 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में पांच लोग घायल भी बताए जा रहे हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक बस खराब होने की वजह से सड़क किनारे खड़ी थी, तभी दूसरी बस ने उसमें टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ।




## सड़क किनारे खड़ी बस में मारी टक्कर..

पुलिस ने बताया कि सोमवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम इलाके के मरदान जिले में सड़क हादसा हो गया। यहां स्वात एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़ी एक मोटरबस को टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यात्री बस सड़क किनारे खड़ी एक अन्य बस से टकरा गई, जो किसी खराबी के कारण खड़ी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक ऊपरी दीर और बाजौर जिलों के निवासी थे।

## जनरेटर खराब होने से किनारे रुकी थी बस..

शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि खड़ी बस के जनरेटर में खराबी आ गई थी, जिसके कारण उसे सड़क किनारे रुकना पड़ा, तभी तेज रफ्तार बस ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जबकि बचाव दल घटनास्थल पर राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। बस यात्रियों को सुरम्य स्वात घाटी ले जा रही थी।

## बांग्लादेश में भी 15 की मौत..

वहीं दूसरी तरफ बांग्लादेश में भी हुए एक दर्दनाक हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। यहां ढाका से 83 किमी दूर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रक में सवार 15 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक ट्रक में सवार लोग लिफ्ट लेकर यात्रा पर निकले थे। इसमें अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूर थे, जो छुट्टी में ईद मनाने घर जा रहे थे। रास्ते में अचानक ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह हादसा हुआ है।

# गंगा दशहरा पर अमेड़ा 'ब' में निकली भव्य जल कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश..

जगप्रेरणा लांजी।

*गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अमेड़ा 'ब' लांजी द्वारा जल संरक्षण का संदेश देने के लिए भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई।*



यात्रा ढोल-सहनाई की मंगल ध्वनि के साथ शुरू हुई, जो पूरे गांव में गूंज उठी। कलश यात्रा गांव के सचिव खेलचंद कटरे के घर के पास स्थित मंदिर से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करती हुई दूसरे छोर पर स्थित हनुमान मंदिर एवं ग्राम पंचायत के पास तालाब किनारे पहुंची।

यहां तालाब की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन समिति के सचिव गणेश लिल्हारे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव के गणमान्य विद्वान डिलेश्वर बसेना एवं डॉ.नामदेव कौरे उपस्थित रहे। जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी सेक्टर-3 के परामर्शदाता विजय हटीले ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि डिलेश्वर बसेना ने अपने संबोधन में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल मनुष्य जीवन का आधार है। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

डॉ. नामदेव कौरे ने कहा कि पानी को बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है, ताकि आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े। समिति के अध्यक्ष सुभाष बसेना ने सभी उपस्थित जनों से जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का समापन कोषाध्यक्ष सतीश मेश्राम के आभार ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समिति ने जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया।

# गंगा दशहरा पर ग्राम कोचेवाही में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन..

जगप्रेरणा लांजी।

*मध्यप्रदेश शासन एवं जन अभियान परिषद भोपाल के निर्देशन में चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*



यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद जिला बालाघाट के जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे के मार्गदर्शन में सोमवार, 25 मई 2026 को आयोजित हुआ। कार्यक्रम विकासखंड लांजी के सेक्टर बोलेगांव (05) अंतर्गत नवांकुर संस्था 'यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी' के तत्वावधान में संपन्न हुआ। अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

ग्राम कोचेवाही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जल स्रोत हैंडपंप के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई, जो जल स्रोत स्थल तक पहुंची। यहां उपस्थित ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा विधि-विधान से पूजन कर गंगा आरती की गई तथा जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख सरपंच संतोष यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष तुलसीराम उईके, उपाध्यक्ष रोशनलाल धारणे, सह-सचिव पंडित हुलासप्रसाद पाण्डे, सदस्य गोपीचंद गेडाम सहित मातृशक्ति श्यामबती मानकर, रजमोती चौधरी, बिनोती मानकर एवं कल्पना घोरमारे उपस्थित रहीं।

इसके अलावा ग्रामीणजन लखन यादव, हांसीचंद सेन, प्रकाश यादव, राजेश्वर पंचाले, तेजराम बागडे, टुंटीलाल मानकर तथा नवांकुर संस्था के सचिव रमेश आसटकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।




जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा ग्रामीण

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

बुधवार 27 मई 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226



## भंडारा-गोंदिया विधान परिषद उम्मीदवारी के लिए वीरेंद्र अंजनकर (बालाभाऊ) के नाम की पुरजोर मांग

### कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से गुहार, निष्ठावान को न्याय देने की भावना..

जगप्रेरणा देवरी।

*भारतीय जनता पार्टी के भंडारा-गोंदिया जिला संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर (बालाभाऊ) को भंडारा-गोंदिया स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद का उम्मीदवार बनाया जाए, ऐसी पुरजोर मांग दोनों जिलों के भाजपा पदाधिकारियों,*

जनप्रतिनिधियों और असंख्य कार्यकर्ताओं द्वारा वरिष्ठ स्तर पर उठाई जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मजबूत पारिवारिक पृष्ठभूमि वाले और जिले में पार्टी की जड़ों को मजबूत करने वाले एक निष्ठावान नेतृत्व को इस बार अवसर मिलना चाहिए, ऐसा सुर कार्यकर्ताओं में दिखाई दे रहा है।

### 2024 के विधानसभा चुनाव के 'किंगमेकर'..

हाल ही में संपन्न हुए 2024 के विधानसभा चुनाव में भंडारा और गोंदिया जिले में महायुति ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस सफ्लता के पीछे वीरेंद्र अंजनकर के सूक्ष्म नियोजन और पर्दे के पीछे की रणनीति का बहुत बड़ा योगदान था।

अंजनकर के कुशल संगठनात्मक कौशल के कारण ही भाजपा को जिले में अपने 3 विधायक और महायुति का 1 विधायक जिताने में बड़ी सफलता मिली। पार्टी की इस शानदार सफलता के असली शिल्पकार के रूप में उन्हें देखा जा रहा है।



### निष्ठा और संगठनात्मक कौशल की बड़ी पृष्ठभूमि..

वीरेंद्र अंजनकर पिछले कई वर्षों से भाजपा संगठन को बढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उनका परिवार मूल रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ **(RSS)** की विचारधारा से जुड़ा होने के कारण, उनके भीतर बचपन से ही अनुशासन और सेवाभाव रचा-बसा है। किसी भी तरह की पब्लिसिटी की चाह न रखते हुए, उन्होंने हमेशा पार्टी के आदेश को सर्वोपरि माना और संगठन में ईमानदारी से काम किया। बूथ प्रमुख से लेकर जिला संगठन मंत्री पद तक का उनका सफर कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने वाला रहा है।

### कार्यकर्ताओं की मांग क्यों है जायज?

दोनों जिलों में भाजपा और अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक, सभी से अंजनकर के सीधे और पारिवारिक संबंध हैं। इस रेस में जितने भी उम्मीदवार हैं, उन्हें और इस चुनाव के प्रत्येक मतदाता को तैयार करने में (राजनीतिक रूप से गढ़ने में) उनकी मुख्य भूमिका रही है। अगर भाजपा उन्हें उम्मीदवार बनाती है, तो यह चुनाव भाजपा के लिए बेहद आसान हो जाएगा।

**कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव:** आम कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने वाले नेता के रूप में उनकी पहचान है। कार्यकर्ताओं के लिए उनका शब्द ही अंतिम होता है, यह उनकी बड़ी विशेषता है।

**दोनों जिलों पर मजबूत पकड़:** भंडारा और गोंदिया, दोनों जिलों के भौगोलिक और राजनीतिक समीकरणों का उन्हें गहरा अध्ययन है।

**निष्ठावानों का सम्मान:** कई वर्षों से पार्टी के लिए खून-पसीना बहाने वाले कार्यकर्ता को उम्मीदवारी मिलने पर पूरा संगठन और अधिक ऊर्जा के साथ काम पर लग जाएगा, ऐसा विश्वास पदाधिकारियों ने व्यक्त किया है।

### वरिष्ठों को ज्ञापनों का दौर शुरू..

मिली जानकारी के अनुसार, भंडारा और गोंदिया जिले के भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय नेताओं से वीरेंद्र अंजनकर की उम्मीदवारी के लिए लिखित सिफारिश की है। इस ज्ञापन के माध्यम से भावना व्यक्त की गई है कि 'बालाभाऊ जैसे निष्ठावान और मेहनती नेता को विधान परिषद में भेजने से पार्टी की ताकत दोगुनी हो जाएगी।'

अब देखना यह है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस पुरजोर मांग को संज्ञान में लेते हुए वीरेंद्र अंजनकर (बालाभाऊ) के नाम पर मुहर लगाता है या नहीं? इस पर पूरे पूर्व विदर्भ की नजरें टिकी हुई हैं।

## महगाई तोड़ रही है कमर: पेट्रोल-डीजल के लगातार दामो मे हो रही बढ़ोत्तरी व खाद्य तेल की महंगाई से लाडली बहने त्रस्त

### लाडली बहनो का रसोई मे खाना बनाने से लेकर सफर सब महंगा..

**गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।**

*लगातार बढ़ती पेट्रोल और डीजल व खाद्य तेल की कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इस महंगाई का सबसे बड़ा असर लाडली बहनो और महिला सामाजिक संस्थाओं*

(महिला ट्रस्ट) के बजट पर देखने को मिल रहा है। घर चलाने से लेकर सामाजिक कार्य करने वाली महिलाओं का कहना है कि ईंधन के दाम बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरी चीजों की कीमतें जिसमे पेट्रोल 113.17 रुपये, डीजल 99.82 रुपये तथा खाद्य तेल 140 रुपये प्रति किलो था 28 फरवरी को उसके बाद से अब तक 25 से 30 रुपये तक दाम बढ़ चुके हैं और आगे भी बढ़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

### रसोई का बजट हुआ फेल..

डीजल के दाम दाम बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो गई है। इसके सीधे असर से बाजार में खाद्य तेल, हरी सब्जियां, दालें, दूध और राशन का सामान महंगा हो गया है। महिला ट्रस्ट से जुड़ी पदाधिकारियों का कहना है कि पहले जो मासिक बजट 8,000 रुपये में सिमट जाता था, वह अब 11,000 रुपये पार कर चुका है।

### महिला ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों पर ब्रेक..

गरीब और बेसहारा महिलाओं के लिए काम करने वाले स्थानीय महिला ट्रस्टों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। ट्रस्ट की कार्यकर्ताओं को फील्ड वर्क, राशन वितरण और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता शिविर लगाने के लिए वाहनों का उपयोग करना पड़ता है।

पेट्रोल महंगा होने से उनका यात्रा खर्च दोगुना हो गया है, जिससे उनके सेवा कार्यों की रफ्तार धीमी हो रही है। महंगाई से बचने के लिए कई कामकाजी महिलाओं ने अपनी स्कूटी छोड़कर ऑटो या बस से सफर करना शुरू किया है। हालांकि, ईंधन के दाम बढ़ने के कारण ऑटो और कैब चालकों ने भी मनमाना किराया वसूलना शुरू कर दिया है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और जेब दोनों पर संकट है।



### बोली श्रीमती मधुलता सोनी (सामाजिक कार्यकर्ता)..

'हमारा सामाजिक समिति झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड और शिक्षा व जरूरत की सामग्री बांटता है। गाड़ियों में पेट्रोल डलवाना अब बजट से बाहर हो रहा है। दान में मिलने वाली राशि का बड़ा हिस्सा ईंधन में ही खर्च हो जा रहा है।'



### बोली श्रीमती अरुणा बहेकार..

जिस तरह सरकार जनता के हितों में जो कदम उठा रही ही ये जनता को कर्जबाजारी बना रही है, बढ़ती महंगाई के वजह से घरों का आर्थिक बजट बुरी तरह बिगड़ गया है, सरकार ने जनता के राहत के लिए जल्द से जल्द उचित कदम उठाना चाहिए।



### बोली स्मिता नंदेश्वर (गृहणी):

'बढ़ती महंगाई ने आज हर घर के बजट को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जिसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर देखा जा रहा है। घरेलू खर्चों को नियंत्रित करने से लेकर कम संसाधनों में परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करने तक, महिलाएं इस आर्थिक संकट के केंद्र में हैं।

प्रस्तुत पत्र में महंगाई के कारण महिलाओं के जीवन में आने वाले बदलावों, उनकी क्रय शक्ति **(Purchasing Power)** में कमी और समाज में उनके सशक्तिकरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन किया गया है।'

## राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी समाज के लिए अलग कॉलम दें

### सहस्त्रबाहु कलार समाज का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन..




जगप्रेरणा देवरी।

*आगामी राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लिए एक अलग कॉलम शामिल किया जाए और जातिगत जनगणना कराई जाए, इस प्रमुख मांग को लेकर देवरी के सहस्त्रबाहु कलार समाज संगठन*

और सभी ओबीसी भाई आक्रामक हो गए हैं। इस संदर्भ में सरकार की उदासीन नीति का विरोध करते हुए, कलार समाज की बैठक में आगामी जनगणना का पूरी तरह से बहिष्कार करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन आज उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) देवरी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भेजा गया।

### मांगें पूरी न होने पर जनगणना का पूर्ण बहिष्कार..

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा आगामी समय में देश में जनगणना प्रक्रिया शुरू की जाने वाली है। हालांकि, इस जनगणना में देश और राज्य के अत्यंत महत्वपूर्ण घटक यानी ओबीसी समाज के सटीक आंकड़े सामने आने के लिए या उनके लिए एक अलग 'कॉलम' प्रदान करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। सरकार की इस नीति के कारण पूरे कलार समाज और ओबीसी भाइयों में भारी असंतोष और अन्याय की भावना पैदा हो गई है।

अपने अधिकारों का अहसास कराने के लिए, जब तक सरकार जनगणना में ओबीसी समाज के लिए विशेष कॉलम देने की जायज मांग को स्वीकार नहीं करती, तब तक यह बहिष्कार जारी रहेगा, ऐसी चेतावनी सहस्त्रबाहु कलार समाज के लोगों ने दी है।

### ज्ञापन की प्रमुख मांगें..

**अलग कॉलम का प्रावधान:** आगामी राष्ट्रीय जनगणना के फॉर्म में ओबीसी समाज के सटीक आंकड़े सामने लाने के लिए एक अलग 'ओबीसी कॉलम' शामिल किया जाए।

**जातिगत जनगणना:** ओबीसी समाज को उनकी आबादी के अनुपात में न्यायसंगत अधिकार, शैक्षणिक व सामाजिक सुविधाएं और बजट में उचित हिस्सा मिलने के लिए ओबीसी की अलग से जातिगत जनगणना कराई जाए। बहुसंख्यक आबादी वाले इस समाज को मुख्यधारा में न्याय दिलाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इस मांग पर सकारात्मक विचार कर तुरंत निर्णय लें, यह विनती इस ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

ज्ञापन सौंपते समय सहस्त्रबाहु कलार समाज के अध्यक्ष डॉ. अनिल चौरागडे, सचिव रतीराम जी दरवडे, राधेश्याम जी देशमुख, नूतन बनसोड, रचना उजवणे, शोभाताई शेंडे सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर नागरिकों के हस्ताक्षर वाला पत्र भी प्रशासन को सौंपा गया।

## आमगांव में नए बने कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष अमर वराडे का ज़बरदस्त स्वागत



### कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार जयकारे लगाए..

### ढोल-नगाड़ों, पटाखों और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा; वराडे पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए तैयार हैं..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

कांग्रेस पार्टी के गोंदिया ज़िला अध्यक्ष बनने के बाद अमर वराडे पहली बार आमगांव शहर पहुंचे। उनके पहुंचते ही कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका ज़बरदस्त, ज़ोरदार और बहुत जोश के साथ स्वागत किया। पूरा आमगांव इलाका ढोल-नगाड़ों, पटाखों और गगनचुंबी नारों से गूंज उठा। इस स्वागत समारोह से पूरे शहर में कांग्रेस जैसा और बहुत जोश वाला माहौल बन गया। आमगांव में हुए इस शानदार स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, अलग-अलग मोर्चों के अध्यक्ष, महिला कार्यकर्ता, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस मौके पर नए बने ज़िला अध्यक्ष अमर वराडे को माला पहनाकर और शॉल और माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी की जीत हो', 'अमर वराडे आगे बढ़ें' जैसे नारे लगाकर अपनी खुशी ज़ाहिर की।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, नए चुने गए ज़िला अध्यक्ष अमर वराडे ने पार्टी नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं पार्टी संगठन को मज़बूत करने और ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए सभी के साथ मिलकर काम करने का पक्का इरादा रखता हूँ। हम सब मिलकर ज़िले में कांग्रेस पार्टी को नंबर वन बनाने और आने वाले लोकल बॉडी चुनावों समेत सभी चुनावों में इसे और मज़बूत करने की कोशिश करेंगे।'

स्वागत समारोह में ज़िले और तालुका के जाने-माने कांग्रेस नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें विनोद जैन (पूर्व महासचिव, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी), पी. जी. कटरे (सचिव, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस), रामसिंह चौहान (महासचिव, गोंदिया जिला कांग्रेस), इसुलाल भालेकर, (सचिव, गोंदिया जिला कांग्रेस), बाबा मिश्रा (अध्यक्ष, जिला परिवहन विभाग), जितेंद्र कटरे (जिला परिषद सदस्य) और श्रीमती छबुताई उके (जिला परिषद सदस्य), संजय बहेकार (आमगांव तालुका कांग्रेस अध्यक्ष), देवकांत बहेकार (नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष), महेश उके (संचालक, कृषि उपज बाजार समिति), श्रीमती प्रभादेवी उपराडे (अध्यक्ष, महिला कांग्रेस), डॉ. गोरेलाल बिसेन (तालुका सेवा दल अध्यक्ष), जगदीश चुटे (तालुका महासचिव), भोजराज जैतवार (तालुका ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष) के साथ श्री राधाकिसन चुटे, पिंकेश शेंडे, रवि रहांगडाले, राहुल चुटे, प्रशांत रावटे, रितेश चुटे, श्रीराम शेंडे, यवक उपराडे, दिलीप टेंभरे, अरविंद चुटे, प्रकाश कोरे, गोपाल पॉलजागड़े वगैरह के साथ-साथ यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल और दूसरे सेल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस शानदार स्वागत समारोह से कांग्रेस ने आमगांव तालुका में बड़ी ताकत दिखाई है, और अमर वराडे के जिला अध्यक्ष चुने जाने से कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा और जोश पैदा हुआ है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### तु बिना वजह गाली क्यो दे रहा है पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/5/2026 के सुबह 7 बजे के दरम्यान ग्राम रोंढा मे फर्यादी सुमरेचंद राधेलाल नागपुरे उम्र 80 वर्ष निवासी रोंढा अपने घर के आंगन मे खडे थे, जहा आरोपी ने आकर गालीगलोच की फर्यादी ने कहा क्यो विनावजह गालीगलोच कर रहे हो तो आरोपी ने बास की लकड़ी से मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 270/2026 धारा 118,1,115,2,351,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना दिनेश जांभुलकर पोलीस स्टेशन सालेकसा कर रहे है।

### शादी समारोह वाले मकान मे हुई चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/5/2026 के रात मे फर्यादी रमाशंकर धुरपतरी ठाकुर उम्र 68 वर्ष निवासी फूलचुर के यहा बेटे का रिसेप्शन था। उस समय सब अपने काम मे व्यस्थ थे, वही अज्ञात चोर ने सोने की लटकन किमत 7 हजार रुपये,1 जोडी चांदी की पायल, नगद 7 हजार रुपये, सैमसंग कंपनी का मोबाईल, ओप्पो कंपनीका मोबाईल कुल 65 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 305/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा भैसारे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### धान के बोरे जलकर हुवा लाखो का नुकसान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/5/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान ग्राम खड़की मे फर्यादी धनलाल प्रेमलाल कटरे उम्र 55 वर्ष निवासी डोंगरगाव और उसकी पत्नी ने बटई के कि हुई खेती गट क्रमांक 81/3 से धान के बोरे बांधकर रखे थे अंदाजन 100 बोरे किमत 2 लाख 30 हजार का माल अज्ञात आरोपी ने आग लगाकर नुकसान करने से दिये शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 554/2026 धारा 326, एफ् भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा रक्से पोलिस स्टेशन तिरोडा कर रहे है।

### सुबदेवटोली मे मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/5/2026 के सुबह 8 बजे के दरम्यान अज्ञात आदमी उम्र अंदाजन 45 वर्ष सुखदेवटोली गाव मे मृत अवस्था मे पाया गया गाव के लोगो ने पुलिस को इसकी जानकारी दी पुलिस ने अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194, भानासुस के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच सफौ अनल पारधी 671 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

## बढ़ती धूप की तपिश से सावधान: तालुका चिकित्सा अधिकारी ललित कुकडे की अपील

### ग्रामीण अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 'लू कक्ष' (Heat Stroke Ward) तैयार..

**जगप्रेरणा देवरी।**

जिले में इस समय तापमान का पारा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे चिलचिलाती धूप के कारण लू **(Heat Stroke)** लगने की आशंका जताई जा रही है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए तालुका स्वास्थ्य प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। तालुका स्वास्थ्य अधिकारी ललित कुकडे ने नागरिकों से बढ़ती गर्मी से खुद को बचाने की अपील की है।



### तालुका की स्वास्थ्य व्यवस्था तैयार..

लू के मरीजों को तुरंत और प्रभावी इलाज मिल सके, इसके लिए तालुका के सभी ग्रामीण अस्पतालों **(RH)** और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र **(PHC)** स्तर पर स्वतंत्र 'लू कक्ष' (उष्माघात वार्ड) स्थापित किए गए हैं। इन वार्डों में विशेष बेड, कूलर/एसी, पर्याप्त मात्रा में ओआरएस **(ORS)**, आईवी फ्लूइड्स और आपातकालीन दवाओं का स्टॉक उपलब्ध कराया गया है।

तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ललित कुकडे ने कहा, 'देवरी तालुका के सुदूर (दुर्गम) क्षेत्रों के नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए हमने प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लू कक्ष चालू कर दिए हैं। गर्मियों में खेतों में या काम पर जाने वाले नागरिकों के लिए खुद को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है। अगर किसी को भी चक्कर आए या बेचैनी महसूस हो, तो घरेलू उपचारों पर निर्भर न रहकर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराएं। एहतियाती उपाय के तौर पर हम आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।'

डॉ. कुकडे ने आगे कहा, ÷बढ़ते तापमान के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे लू लगने का खतरा पैदा होता है। इस खतरे से बचने के लिए नागरिक धूप में जाने से बचें। देवरी तालुका के ग्रामीण अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लू की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मरीजों को तुरंत इलाज मिले, इसके लिए सभी डॉक्टरों और उनकी टीमों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।÷

### लू (उष्माघात) के मुख्य लक्षण:

शरीर का तापमान अचानक बढ़ जाना। चक्कर आना या उल्टी जैसा महसूस होना (मळमळ)। असहनीय सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना और पेशाब कम होना। सांस फूलना और दिल की धड़कन तेज होना। गंभीर स्थिति में भ्रम होना या बेहोश हो जाना।

**क्या करें:** बाहर जाते समय सिर पर टोपी, रुमाल या छाते का प्रयोग करें। पर्याप्त पानी, छाछ, नींबू पानी या नारियल पानी बार-बार पिएं। हल्के रंग के, ढीले और सूती (कॉटन) कपड़े पहनें। यदि संभव हो तो दोपहर 12 से 4 बजे के बीच छांव में या घर के अंदर ही रहें।

**क्या न करें:** तेज धूप के समय (विशेषकर दोपहर 2 से 4 बजे) शारीरिक मेहनत वाले काम न करें। बच्चों या पालतू जानवरों को बंद वाहन में कभी न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी और अत्यधिक चीनी वाले कोल्ड ड्रिंक्स से परहेज करें। बाहर नंगे पैर न निकलें; हमेशा चप्पल या जूतों का प्रयोग करें।

**विशेष अपील:** लू लगना एक मेडिकल इमरजेंसी (वैद्यकीय आणीबाणी) है। यदि किसी में भी लू के लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल के लू कक्ष में भर्ती कराएं या *108/102* नंबर पर एम्बुलेंस के लिए संपर्क करें, ऐसी अपील तालुका चिकित्सा अधिकारी ललित कुकडे ने की है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भंडारा-गोंदिया विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार होंगे प्रफुल गोपालदास अग्रवाल..

## 28 मई या 1 जुन 2026 को दाखिल करेंगे नामांकन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***बहु प्रतिक्षित भंडारा-गोंदिया विधान परिषद चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही, सभी राजनैतिक दलों में चुनाव को लेकर सरगर्मियों तेज है और हर दल अपने मतदाताओं की संख्या के आधार पर रणनीति बनाने में जुटा हुआ है, तथा इसी क्रम में गत 2016 में गोंदिया-भंडारा जिले की राजनीति में उल्लेखनिय परिवर्तन का निर्माण करने***

वाले प्रफुल गोपालदास अग्रवाल जिन्होंने इस विधान परिषद सीट के लिए नामांकन दाखिल कर, दोनों जिलो में सभी पक्षों के युवा कार्यकर्ताओं के बीच अपने समर्थक-पेठ और मित्रता तथा कुशल प्रबंधन के दम पर भरपुर मत लेकर, मामुली अंतर से पीछे होकर भी हार जीत के समीकरणों को पलट दिया था, गत चुनाव की पराजय के बाद एक बार फिर प्रफुल गोपालदास अग्रवाल गोंदिया भंडारा विधान परिषद के चुनाव में मैदान में उतरने जा रहे हैं।



गौरतलब है कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के सशक्त राजनीतिक मार्गदर्शन में प्रफुल अग्रवाल युवाओं के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद चुनाव में उनकी रणनीति और भूमिका की वजह से गोंदिया जिले में तीन नगर परिषदों में कांग्रेस की सरकार बनी और कांग्रेसियों के बीच नए उत्साह का संचार हुआ।

गौरतलब है कि गत वर्ष संपन्न गोंदिया जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक चुनाव में भी पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रफुल अग्रवाल के कुशल नेतृत्व और रणनीति के तहत कांग्रेस पक्ष ने सभी 20 सीटों पर दमदारी से चुनाव लड़ा और अपेक्षा से अधिक सीटो पर जीत दर्ज कराई। उल्लेखनिय है कि जिला मध्यवर्ती बैंक चुनाव में प्रफुल अग्रवाल स्वयं निर्विरोध संचालक निर्वाचित हुए, वहीं गत 2016 में संपन्न विधान परिषद चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार स्वरुप मामुली अंतर से पीछे रहने और गोंदिया जिले की नगर परिषद के चुनावों में मिले सकारात्मक नतीजों से उनके सभी कार्यकर्ता और समर्थक उत्साही और चुनाव लड़ने हेतु आग्रही दिखाई दे रहे है।

**प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी के अनुरोध पर प्रफुल गोपालदास अग्रवाल ने पुनः चुनाव मैदान में उतरने का मानस बना लिया है और संभवतः शुक्रवार या सोमवार को वे नामांकन दाखल करेंगे। प्रफुल अग्रवाल के चुनाव मैदान में उतरने के बाद चुनावी ऊंट किस करवट बैठता है, इस पर सभी की निगाहें लगी है, यह विशेष उल्लेखनीय है।**

# शानो शौकत की थार से तस्करी के लिये ले जा रहे थे 38 लाख 50 हजार का गांजा..

## चकमा देने वाले तस्करों की चालाक तस्करी को गोंदिया पुलिस ने किया बेनकाब..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***कई मर्तबा यह देखा सुना जाता है कि कई बड़े लोग बड़ी बड़ी रकम और अवैध कारोबार को अंजाम देने के लिये अपना हुलिया बदल देते हैं, जैसे बड़ी रकम लेकर जा रहे हैं, तो साधारण सब्जी के थैले में, जिससे कि किसी को शक ना हो। अपनी खुद की हालत गरीबों की तरह करते हुए हुलिया भी बदलने का काम शातिर चोर उचक्के कर लेते हैं, ताकि***

किसी को भी शक ना हो, इसी तरह से पुलिस के ध्यान से बचने के लिये छ.ग. के निवासी तस्करों ने महाराष्ट्र में गांजा बेचने के लिये रसूखदारी का स्वांग रचा, और आजकल के फैशन के दौर में राजस्थान में सर्वाधिक प्रचलित महेन्द्र थार जीप से गांजा तस्करी के लिये लेकर निकले, ताकि पुलिस का किसी जांच के लिये ध्यान ना जाए, लेकिन गोंदिया जिले की पुलिस तो फिर गोंदिया जिले की पुलिस है, जिसने राज्यसीमा पर होते हुए अनेक मर्तबा कई अवैध धंधेबाजों के ईरादों को बेनकाब किया है, तो फिर इस बार भला गोंदिया पुलिस से चुक कैसे हो जाती। गोंदिया पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध बिक्री हेतु थार वाहन से परिवहन किए जा रहे 38 किलो 500 ग्राम गांजा, उपयोग की गई महिंद्रा कंपनी की काले रंग की थार चारपहिया वाहन तथा 04 मोबाइल फोन सहित कुल रुपय 54,30,000/- का मुद्देमाल जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया जिले में अवैध मादक पदार्थों का संग्रहण, बिक्री, उपयोग तथा परिवहन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे द्वारा दिए गए हैं। उन्हीं निर्देशों के अनुसार पुलिस निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेकर, एल.सी.बी. गोंदिया के नेतृत्व में एलसीबी टीम द्वारा कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 24/05/2026 को एलसीबी गोंदिया की टीम पुलिस स्टेशन दुग्गीपार क्षेत्र में अवैध धंधों के संबंध में पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान गोपनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर (छत्तीसगढ़) से एक काले रंग की महिंद्रा थार वाहन में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) नागपुर ले जाया जा रहा है। यह वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 06 से होकर देवरी कोहमारा मार्ग से नागपुर की ओर आने वाला था। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक श्री पुरुषोत्तम अहेकर के नेतृत्व में एलसीबी की टीम ने सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस स्टेशन दुग्गीपार अंतर्गत सौंदड़ रेलवे ओवरब्रिज के समीप नाकाबंदी की। कुछ मय बाद रायपुर की दिशा से एक काले रंग की महिंद्रा थार वाहन आती हुई दिखाई दी। पुलिस की नाकाबंदी देखकर वाहन चालक ने वाहन को विपरीत दिशा में मोड़कर भागने का प्रयास किया। एलसीबी टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया, जिससे आरोपी वाहन सड़क किनारे उतारकर जंगल की ओर भागने लगे। वाहन से कुल तीन व्यक्ति जंगल की ओर भागे। पुलिस टीम ने पीछा कर उनमें से दो व्यक्तियों को पकड़ लिया, जबकि तीसरा व्यक्ति अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पकड़े गए आरोपियों की उपस्थिति में वाहन की पंचनामा कार्यवाही की गई। वाहन की डिक्की तथा बीच की सीट पर प्लास्टिक की थैलियों में भरे हुए कुल 40 बंडल बरामद हुए। बंडलों की जांच करने पर उनमें हरे रंग का गांजा (पत्तियां, फूल और बीज मिश्रित) पाया गया। जब्त गांजा का कुल वजनः 38 किलो 500 ग्राम, अनुमानित कीमतः रुपये 38,50,000/- तथा जब्त वाहन - महिंद्रा कंपनी की काले रंग की थार जिसकी कीमतः 15,00,000/- तथा मोबाइल कुल 04 मोबाइल कीमतः 80,000/- इस प्रकार कुल जब्त मुद्देमाल 54,30,000/- के साथ ही आरोपी 1. विवेक कुमार अभिनीकुमार जोशी उम्र 21 वर्ष, निवासी डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) एवं 2. विष्णुचंद्र बालक निवासी नारायणगढ़ चिचोला, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर लिया, वहीं आरोपी सुफियान उर्फ सोफी राजा उम्र 28 वर्ष, निवासी रज्जानगर, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) फरार होने में सफल रहा। पूछताछ के दौरान आरोपी विवेककुमार अभिनीकुमार जोशी ने बताया कि बरामद गांजा नागपुर निवासी सागर खोब्रागड़े को बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस स्टेशन दुग्गीपार में एन.डी.पी.एस. अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख भामरे, अभय डोंगरे अपर पुलिस अधीक्षक, गोंदिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेकर के नेतृत्व में स.पो.नि. धीरज राजपूतकर, पो.हवा. तुलसीदास लूटे, पोहवा. दिक्षितकुमार दमाहे, पोहवा. संजय चव्हाण, पोहवा. दुर्गेश तिवारी, पोहवा. प्रकाश गायधने, पोहवा. सामेंद्रसिंह ठाकुर, पो.शि. सुनील उडके, पो.शि. इंदुरकर, पो.शि. चापोशी धनश्याम कुंभलवार, चापोशी राम बेंदरे, चापोशी लक्ष्मण बंजारे द्वारा सफलतापूर्वक की गई।

# नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे आज संभालेंगे पदभार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***संगठन सृजन के माध्यम से नियुक्त किए गए जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अमर वराडे बुधवार दिनांक 27 में 2026 सुबह 10:00 बजे गोंदिया स्थित शाहिद भोला कांग्रेस भवन में आयोजित जिला कांग्रेस की सभा में उपस्थित रहकर पदभार ग्रहण करेंगे।***



जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूतपूर्व आमदार दिलीप भाऊ बंसोड़ सभा के अध्यक्षता करेंगे। सभा में गोंदिया जिले के सभी वरिष्ठ नेता तथा जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं सभी फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थिति में सभा संपन्न होगी। सभा में नवनियुक्त अध्यक्ष का सत्कार भी किया जाएगा।


आने वाले जिला परिषद पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत चुनाव संबंधी एवं विधान परिषद चुनाव संबंधी चर्चा भी की जाएगी। अतः गोंदिया जिले के सभी जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायत सदस्य, बाजार समिति सदस्य तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील गोंदिया जिला ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य जितेंद्र कटरे नेकी है।

## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

# एट्रोसिटी मामलों में दोषसिद्धि बढ़ाने के लिए आने वाली समस्याओं का समाधान करें : अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े

जगप्रेरणा गोंदिया।




***अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज पर होने वाले अत्याचारों को रोकने तथा उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से एट्रोसिटी कानून बनाया गया है। एट्रोसिटी मामलों में दोषसिद्धि (सजा) की दर बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग को जिला सरकारी अभियोजक के साथ समन्वय स्थापित कर आने वाली समस्याओं का समाधान करना चाहिए, ऐसे निर्देश अपर जिलाधिकारी अभिजीत घोरपड़े ने दिए।***

सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला सतर्कता एवं नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस अवसर पर समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर, कौशल विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजू माटे, जिला सूचना अधिकारी अंजू कांबळे-निमसरकर, स्थानीय अपराध शाखा की प्रतिनिधि वनिता सायकर, विधि अधिकारी मिलिंद चवरे, आदिवासी विकास विभाग के प्रतिनिधि एस. जी. दसारिया तथा नागरिक अधिकार संरक्षण दल के प्रतिनिधि संतोष राऊत उपस्थित थे। बैठक में समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर ने अप्रैल 2026 तक पुलिस विभाग से प्राप्त मामलों की स्थिति प्रस्तुत की। इसमें पुलिस जांचाधीन मामले, पुलिस फाइनल रिपोर्ट वाले मामले, न्यायालय में लंबित मामले तथा आर्थिक सहायता हेतु लंबित मामलों की जानकारी दी गई।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2026 तक हत्या का 1 मामला, हत्या के प्रयास का 0, बलात्कार का 0, छेड़छाड़ के 2, मारपीट/गंभीर चोट का 0, आगजनी का 0, गाली-गलौज का 1 तथा अन्य 1 मामला दर्ज हुआ। इस प्रकार कुल 5 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 3 मामले अनुसूचित जाति तथा 2 मामले अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं। सभी 5 मामले पुलिस जांचाधीन हैं। वर्ष 2025-26 में दर्ज कुल 56 मामलों में से 51 मामले न्यायालय में लंबित हैं, 4 मामलों में पुलिस फाइनल रिपोर्ट दाखिल की गई है तथा 1 मामला पुलिस जांचाधीन है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 5 मामलों में मुआवजे के प्रथम चरण की आर्थिक सहायता मंजूर की गई, जिसकी कुल राशि 6.625 लाख रुपये है। इसमें वर्ष 2023-24 के 1 मामले के लिए 1 लाख रुपये की सहायता भी शामिल है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में कुल 8 मामलों को आर्थिक सहायता मंजूर की गई, जिसकी कुल राशि 6.50 लाख रुपये है। इसमें वर्ष 2023-24 के 1 मामले के लिए 0.50 लाख रुपये तथा वर्ष 2025-26 के 7 मामलों के लिए 6 लाख रुपये की सहायता शामिल है। यह जानकारी बैठक में प्रस्तुत की गई।

# नवउषा गारमेंट एलएलपी में रोजगार मेला एवं इंडस्ट्रीयल विजिट का कार्यक्रम हुआ संपन्न..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज दिनांक 26 मई 2026 को नवउषा गारमेंट एलएलपी में जिला रोजगार मेला एवं इंडस्ट्रियल विजिट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की आईटीआई संस्थाओं से प्रशिक्षण***






प्राप्त युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं औद्योगिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। इस रोजगार मेले में जिले की विभिन्न आईटीआई संस्थाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभाग लिया। लगभग 100 महिला प्रत्याशियों ने पंजीयन कर कार्यक्रम में भाग लिया। सभी प्रतिभागी टेक्सटाइल, फैशन डिजाइनिंग, सुईंग टेक्नोलॉजी एवं ड्रेस मेकिंग जैसे व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित थीं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों के इंटरव्यू कंपनी द्वारा लिए गए, जिसमें से 25 प्रतिभागियों का प्रारंभिक चयन किया गया। चयनित उम्मीदवारों की आगामी प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें अंतिम रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री बी. एन. तुमडाम साहेब (प्राचार्य, आईटीआई गोंदिया), श्री विलास बोरसे (पीए, श्री मंगल प्रभात लोढ़ा, नागपुर विभाग), श्री पी. पी. अत्राम (स्किल डेव्हलपमेंट ऑफिसर, गोंदिया), श्री अमोद आकांत (स्किल डेव्हलपमेंट असिस्टंट, गोंदिया) एवं श्री अभिषेक सिंघई (यंग प्रोफेशनल, गोंदिया) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही विभिन्न आईटीआई संस्थाओं से उपस्थित प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें नागपुरे मॅडम (सालेकसा), चित्रा गलाने मैडम (आमगाव), स्वप्नाली दंडगुले मैडम (बीजेपार), प्रियंका राऊत मैडम (देवरी), कुलफुंगे मैडम (देवरी एवं सालेकसा), कोसारकर मैडम (गोंदिया), शुभांगी शेंडे मैडम (पालांदूर) एवं बबीता गौतम मॅडम (तिरोडा) प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम में जिला रोजगार समिति के अध्यक्ष सीए कुशल चोपड़ा एवं नवउषा गारमेंट एलएलपी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**गौरतलब है कि रोजगार मेले के पश्चात सभी प्रतिभागियों को कंपनी का इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया तथा कंपनी द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन स्किल विभाग के अभिषेक जैन द्वारा किया गया।**

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

## In The Court Of Pranesh Kumar Pran, Principle District Judge, District Court, Balaghat

### कोर्ट नोटिस/आम सूचना

युवराज टेंभरे..... वादी (वर्सेस)
नरेन्द्र कुमार.......उपवंशी प्रतिवादी

पेशी दिनांक 13/07/2026 - प्रेषिती - 1) उदित बिसेन, पिता स्व. श्री वेदप्रकाश बिसेन, पता - ग्राम मोहगांव बटुआ थाना चांगोटोला, उप तहसील लामता, जिला बालाघाट 2) ऋषिबाई पिता स्व. श्री धनश्याम कटरे, पता - ग्राम मानेगांव, तहसील गोरेगांव जिला गोंदिया (महा.) 3) श्रीमती सुनीता बिसेन पिता स्व. श्री वेदप्रकाश बिसेन, पता - ग्राम मोहगांव बटुआ, थाना चांगोटोला, उप तहसील लामता जिला बालाघाट, 4) हर्षल बिसेन, पिता स्व. श्री वेदप्रकाश बिसेन, पता - ग्राम मोहगांव बटुआ, थाना चांगोटोला, उप तहसील लामता, जिला बालाघाट 5) मायाबाई पिता स्व. श्री हिटलर राहंगडाले, पता - गणेश नगर, तहसील व जिला गोंदिया महाराष्ट्र.. यह कि प्रार्थी युवराज टेंभरे ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 व्य. प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतरवाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मान किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है, कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटाया आपकी अनुपुस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के ईच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
प्राणेश कुमार प्राण
प्रधान जिला न्यायाधीश बालाघाट (म.प्र.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com